mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-277 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
06 अक्टूबर 2024 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



पीसीबी की पोल... @ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### चतुर्थ मां कूष्माण्डा



'कू' का अर्थ है छोटा, 'ष्' का अर्थ है ऊर्जा और 'अंडा' का अर्थ है ब्रह्मांडीय गोला, सृष्टि या ऊर्जा का छोटे से वृहद ब्रह्मांडीय गोला। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में ऊर्जा का संचार छोटे से बड़े में होता है। यह बड़े से छोटा होता है और छोटे से बड़ा, यह बीज से बढ़ कर फल बनता है और फिर फल से दोबारा बीज हो जाता है।

### मैंने हथियार छोड़ दिए अब मैं गांधीवादी हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट-यासीन (जेकेएलएफ-वाई) के अध्यक्ष यासीन मलिक ने यूएपीए कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उसने कहा कि हथियार के बल पर विरोध-प्रदर्शन के तरीके का त्याग करते हुए गांधीवादी तरीका अपना लिया है। यासीन ने कहा कि 1994 से



ही उसने हथियार और हिंसा छोड़ दी है। यासीन मलिक टेरर फंडिंग के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। बता दें कि यासीन मलिक के संगठन जेकेएलएफ-वाई पर अगले 5 साल के लिए बैन लगा दिया गया है। यासीन की ओर से जो हलफनामा पेश किया गया है उसका जिक्र यूएपीए कोर्ट द्वारा पिछले महीने जारी किए गए आदेश में किया गया है। गुरुवार को राजपत्र में भी इसे प्रकाशित किया गया है।

### ठीक से काम नहीं कर रहा इंडिगो का नेटवर्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी इंडिगो का नेटवर्क-वाइड सिस्टम आउटेज का सामना कर रहा है। इस कारण यात्रियों को चेक-इन और बैगेज ड्रॉप के लिए एयरपोर्ट्स पर लंबी प्रतीक्षा का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। करीब 12.30 पर सिस्टम में तकनीकी समस्या आई। इससे पूरे देश में फ्लाइट ऑपरेशंस और ग्राउंड सर्विसेज पर असर पड़ा है। इंडिगो ने 1.44 बजे एक्स पर लिखा कि हम



वर्तमान में अपने पूरे नेटवर्क में एक अस्थायी सिस्टम स्लोडाउन का सामना कर रहे हैं। इससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग सिस्टम पर असर हुआ है। इस कारण ग्राहकों को प्रतीक्षा समय बढ़ गया है। चेक-इन प्रोसेस धीमा हो गया है और एयरपोर्ट पर लंबी कतारें शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि हमारी एयरपोर्ट टीम सभी की सहायता करने और एक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। इंडिगो ने यात्रियों से कहा, आश्वस्त रहें, हम जल्दी से जल्दी सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।

# अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे

### ठाणे में पीएम मोदी का कांग्रेस के अगुवाई वाले एमवीए पर बड़ा हमला

**मुंबई/ठाणे (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने महाराष्ट्र दौरे पर एक बार फिर महाविकास आघाडी यानी इंडिया अलायंस पर निशाने पर लिया। कांग्रेस पार्टी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। कांग्रेस और उनके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमारी एकता को ही देश की ढाल बनाना है, हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है। पीएम मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है। पूरी दुनिया में जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, कांग्रेस अब खुलकर उनके साथ खड़ी है। इसलिए अपनी घोर



असफलता के बावजूद कांग्रेस, सरकार बनाने का सपना देख रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। कांग्रेस और उनके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमारी एकता को ही देश की ढाल बनाना है, हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है। पीएम मोदी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने तो हद ही कर ही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस यानी लूट और फरेब का पूरा पैकेज है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, भारत की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी है। चाहे कोई भी दौर हो, कोई भी राज्य हो, कांग्रेस का चरित्र नहीं बदलता है। पीएम मोदी ने कहा कि आप पिछले एक हफ्ते का हाल देख लीजिए।

### एग्जिट पोल

## हरियाणा के 8 पोल में कांग्रेस सरकार के आसार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो चुकी है। अब तक हरियाणा के 8 और जम्मू-कश्मीर के 5 एग्जिट पोल सामने आए हैं। हरियाणा के सभी 8 एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। भाजपा के 21 सीटों तक सिमटने के आसार हैं। जम्मू-कश्मीर के एग्जिट पोल में से 3 में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनती दिख रही है। एक में पीडीपी के सबसे बड़ी पार्टी बनने के अनुमान हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। नतीजों का ऐलान 8 अक्टूबर को होगा। इन राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटों पर जीत की जरूरत है। चुनाव से पहले सिर्फ दो एजेंसियों ने ओपिनियन पोल कराए थे। हरियाणा में टाइम्स नाउ-मैट्रिज के ओपिनियन पोल में त्रिशंकु विधानसभा के आसार हैं। जम्मू और कश्मीर में लोकपोल ओपिनियन सर्वे के मुताबिक, कांग्रेस और एनसी की सरकार बनती दिख रही है।

### पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी

# यति नरसिंहानंद पुलिस हिरासत में

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान पर बवाल जारी है।

बुलंदशहर में शुक्रवार देर रात मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग सड़क पर उतर आए। नारेबाजी कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव दिया। हालात काबू करने के लिए रात में ही पीएसी को बुलाना पड़ा। गाजियाबाद में भी मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने शुक्रवार रात को डासना मंदिर का घेराव किया। नरसिंहानंद इसी मंदिर के पीठाधीश्वर हैं। घेराव के समय वे मंदिर के अंदर ही थे। पुलिस ने रात 12 बजे तक भीड़ को मंदिर के बाहर से हटाया।



मेरठ, मथुरा और मुरादाबाद में भी मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन किया। यहां पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। विवाद के बीच पुलिस ने नरसिंहानंद को हिरासत में ले लिया है। डासना मंदिर के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई है। पश्चिमी यूपी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।यति नरसिंहानंद ने 29 सितंबर को गाजियाबाद में एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर विवादित बयान दिया था।

# राहुल ने कोल्हापुर में किया शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण

### बोले-सिंधुदुर्ग में मूर्ति टूटी क्योंकि नीयत साफ नहीं थी,हम उसी विचारधारा के खिलाफ

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। वे कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा- नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई। उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50 फीसदी की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी। विधानसभा चुनाव से पहले राहुल का यह दौरा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की



शुरुआत मानी जा रही है। शिवाजी महाराज ने देश दुनिया को क्या मैसेज दिया। सबसे पहले उन्होंने कहा था देश सबका है। सबको लेकर चलना है। अन्याय नहीं करना है। मगर हम सोचें कि इनकी सोच का आज कौन सा चिह्न है तो वो ये संविधान है। सीधा सा कनेक्शन है। जो शिवाजी महाराज ने कहा था, 21वीं सदी में उसका ट्रांसलेशन संविधान है। उनकी सोच से ही संविधान आया। अगर शिवाजी और शाहूजी महाराज जैसे लोग नहीं होते तो संविधान नहीं होता। आज यहां मूर्ति का अनावरण कर रहे हैं। शिवाजी महाराज की। ये सिर्फ एक मूर्ति नहीं। मूर्ति जब बनाई जाती है जब हम किसी व्यक्ति की विचारधारा को, उनके कर्मों को दिल से समर्थन करते हैं।

### छत्तीसगढ़ नक्सली ऑपरेशन

# 1000 जवान लाशें 40 किमी कंधे पर लादकर ले गए



- रोटी-मैगी खाकर सफर पूरा किया
- नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऐक्शन

**नारायणपुर (एजेंसी)।** दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया। करीब 1000 जवानों ने महज 2 घंटे की मुठभेड़ में ही 31 नक्सलियों को मार गिराया। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के जवान 3-4 पहाड़ और नदी-नाले पार कर नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे थे। पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी की लीडर नीति के मारे जाने की खबर है। नीति पर 8 से 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जवान अब भी मौके पर ही मौजूद हैं। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है। इसे अब तक सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन बताया जा रहा है। इससे पहले कांकेर में 29 माओवादी मारे थे। भारी बारिश की वजह से नक्सलियों को जवानों के आने की भनक भी नहीं लग पाई। वहीं 4 अक्टूबर को दोपहर एक बजे जवान नक्सलियों के बेहद करीब पहुंच गए थे, जिसके बाद जवानों ने ही फायरिंग की। सूत्रों ने बताया कि नक्सली जवानों के रडार पर थे। जवानों के साथ महिला कमांडो भी गुरुवार से ऑपरेशन में साथ थीं।

## ये कोई तय नहीं कर सकता कि भूमिहार कहां जाएंगे

- जेडीयू की राज्य कार्यकारिणी में विधायक ने कह दी बड़ी बात

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में साल 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। छोटी-छोटी पार्टियों ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक बुलानी शुरू कर दी है। इस कड़ी में जेडीयू ने शनिवार को राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई। इस बैठक में जेडीयू के सभी विधायक हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि जेडीयू के संगठन को बिहार में मजबूत करना है। बैठक में हिस्सा लेने के लिए जेडीयू विधायक डॉक्टर संजीव कुमार भी पहुंचे थे। उन्होंने जेडीयू की कार्यकारिणी बैठक के बारे में आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा, बैठक में सिर्फ एक ही एजेंडे पर चर्चा हुई है कि साल 2025 में फिर से नीतिश कुमार की सरकार लानी है। बैठक के दौरान यह तय किया गया है। इसके साथ ही साथ जमीनी स्तर पर जेडीयू के संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया गया है। वहीं पिछले दिनों जेडीयू नेता अशोक चौधरी के द्वारा भूमिहारों पर दिए बयान पर भी जेडीयू नेताओं में आपसी मतभेद देखने को मिला। इस पर जेडीयू विधायक डॉक्टर संजीव कुमार ने कहा, उनके बयान से बिहार की जनता में नाराजगी है, नेता में नाराजगी नहीं है।



## इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के 400 लड़ाके मार गिराए

- सीरिया से संपर्क तोड़ा; बाइडेन बोले-ईरानी परमाणु अड्डे-तेल भंडार पर हमला न करे इजराइल

**तेलअवीव (एजेंसी)।** इजराइली डिफेंस फोर्स ने दक्षिणी लेबनान के बाद अब उत्तरी लेबनान में भी हवाई हमले तेज कर दिए हैं। आईडीएफ ने शनिवार को बताया कि पिछले 5 दिनों में उन्होंने 400 हिजबुल्लाह लड़ाकों को मारा है। इसके अलावा हिजबुल्लाह के 2,000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया गया है। आईडीएफ के मुताबिक लेबनान से 3 लाख लोग सीरिया चले गए हैं। लेबनान सरकार के मुताबिक अब तक 12 लाख से ज्यादा लोगों ने देश छोड़ दिया है। इजराइली हमले बढ़ने के बाद ये आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। इस बीच इजराइल के हवाई हमले में लेबनान को सीरिया से जोड़ने वाला हाईवे टूट गया है। इजराइल ने बेरूत एयरपोर्ट से सिर्फ एक किलोमीटर दूर भी स्ट्राइक की है। इजराइल ने बाइडेन को ये गारंटी देने से इनकार कर दिया कि वह ईरान के





परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेगा। दरअसल, ईरान ने 1 अक्टूबर को हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए इजराइल पर हमला किया था।

इजराइल ने कहा था कि वह इसका बदला जरूर लेगा। बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह ईरान के हमले का जवाब कैसे देगा।

# कोलकाता रेप केस में 4 पुलिसकर्मी सीबीआई के घेरे में

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में ड्यूटी पर थे तैनात

- रात की ड्यूटी पर थे तैनात,सबूतों से छेड़छाड़ की है आशंका

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता पुलिस के चार पुलिसकर्मी सीबीआई की जांच के घेरे में हैं। ये पुलिसकर्मी 9 अगस्त की सुबह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर थे। सीबीआई अस्पताल परिसर में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जांच कर रही है। महिला डॉक्टर का शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि उस समय अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद इन चार पुलिसकर्मियों का बयान जांच अधिकारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि शव मिलने के बाद सबूतों के साथ हुई संभावित छेड़छाड़ के बारे में साफ जानकारी मिल सके। जांच अधिकारी एक महिला पुलिसकर्मी समेत इन चार पुलिसकर्मियों से पहले ही पूछताछ कर चुके हैं। उन्होंने उनसे पूछा था कि 9 अगस्त की सुबह पीड़िता के शव के पास उन्होंने किस तरह की गतिविधियां देखीं और क्या उन्हें इस



मामले में अपने उच्च अधिकारियों से कोई आदेश या निर्देश मिला था। यदि जरूरी हुआ तो इन चारों पुलिसकर्मियों से दोबारा पूछताछ की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारी फिलहाल आरजी कर अस्पताल में लगे सीसीटीवी के फुटेज पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ये फुटेज उन्हें कोलकाता पुलिस से मिले थे। पुलिस ने मामले की शुरुआती जांच की थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जांच अधिकारियों के सामने चुनौती यह है कि क्या सीसीटीवी फुटेज के साथ भी कोई छेड़छाड़ की गई थी। सीबीआई ने शुक्रवार को कोलकाता की एक विशेष अदालत को बताया था कि बलात्कार और हत्या को आत्महत्या का मामला बताने की शुरुआती कोशिश की गई थी। सूत्रों के अनुसार, अब तक जांच अधिकारियों ने पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व एसएचओ अभिजीत मंडल की पहचान सबूतों से छेड़छाड़ के पीछे के मास्टरमाइंड के रूप में की है।

# खेल मंत्री सारंग ने किया निर्माणाधीन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने नाथू बरखेड़ा में निर्माणाधीन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी समीक्षा की जा रही है कि अंतर्राष्ट्रीय मापदण्ड के अनुसार कार्य प्रगतिरत है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले समय में ओलम्पिक की मेजबानी भारत करता है, तो मध्यप्रदेश में कम से कम 3 खेल हों। इसी को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में अगर कुछ परिवर्तन करना होगा अथवा फेसिलिटी को बढ़ाना होगा, तो उसका प्लॉन किया जा रहा है। जल्द ही उच्च स्तरीय बैठक कर इस पर निर्णय लिया जायेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि दशहरे के बाद पुनः समीक्षा की जायेगी। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को आपस में



को-ऑर्डिनेशन करने के निर्देश दिये। साथ ही चेक-लिस्ट बनाकर कार्य करने की हिदायत दी। मंत्री श्री सारंग ने एथलेटिक्स स्टेडियम देखा और वहाँ पर बैठने, पार्किंग, सीवेज, लाइटिंग आदि का निरीक्षण कर कंस्ट्रक्शन डिटेल्स का प्रेजेंटेशन भी देखा। उन्होंने फेस-1 और फेस-2 में किये जाने वाले कार्यों का आंकलन किया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये कि काम समय पर हो। मंत्री श्री सारंग ने हॉकी स्टेडियम की केपेसिटी भी जानी। प्रथम फेस में एथलेटिक्स ईस्ट-वेस्ट ट्रेक, ड्राइव-वे, ब्रॉडकास्ट कम्पाउण्ड, हॉकी स्टेडियम विथ रूफ, वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एथलेटिक्स एफओपी, हॉकी, प्रेक्टिस हॉकी फील्ड, वार्म अप ट्रेक और आउटडोर फील्ड पर काम चल रहा है।

## पीएम जन-मन योजना में 3 हजार 876 से अधिक जनजातीय घर हुए रोशन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन योजना) में कंपनी कार्यक्षेत्र में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) की बहुलता वाले 9 जिलों में अब तक 3 हजार 876 घरों को रोशन किया गया है। कंपनी ने 2 अक्टूबर को इन्हीं 9 जिलों में 355 नये घरों को कनेक्शन देकर विद्युतीकृत किया है। इन 9 जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिण्ड शामिल हैं।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पीएम जन-मन योजना में अब शेष 10 हजार 942 जनजातीय हितग्राहियों के घरों को दिसंबर 2024 तक विद्युतीकृत किया जाएगा। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है, जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। योजना में पीवीटीजी बहुल गावों एवं मजरों-टोलों को भी ऊर्जीकृत किया जा रहा है। कंपनी के अंतर्गत ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिण्ड जिले में कुल मिलाकर 1158 गावों एवं मजरों-टोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है। इस योजना से एक ओर जहां इन जनजातीय परिवारों के बच्चों को पढ़ने-लिखने के साथ ही घरेलू कामकाज और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पीने के पानी, सड़क, बिजली और मूलभूत सुविधाएं मिलने से उनके रहन-सहन के स्तर में भी सुधार दिखाई दे रहा है।

## धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए अब 14 अक्टूबर तक कराया जा सकेगा पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 14 अक्टूबर तक कर दी गई है। पहले यह अवधि 4 अक्टूबर तक थी, जिसे किसानों की सुविधा के लिए और बढ़ाया गया है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री की अगुवाई में किसानों के कल्याण के लिए लगातार नई योजनाएं और कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर किसान को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिले और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तिथि बढ़ने से अधिक से अधिक किसान पंजीयन करवा सकेंगे और समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकेंगे।

## प्रदेश में मोगली बाल उत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा विभाग का मोगली बाल उत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 अक्टूबर से प्रदेशभर में प्रारंभ हो गई है। इसके पहले सितम्बर माह में शाला, जनशिक्षा केन्द्र और विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा चुका है। मोगली बाल उत्सव जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण का एक संदेश है। मोगली बाल उत्सव में स्कूल शिक्षा विभाग राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के संयोग से प्रतियोगिता आयोजित करता है। इनमें ट्रेकिंग, सफारी, क्विज, फिल्म और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रूप से आयोजित किये जाते है। इस उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति का नजदीक से परिचय कराया जाता है। यह उत्सव न केवल प्रदेश में पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया है। प्रतियोगिता के कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग बनाकर बच्चों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है। इन प्रतियोगिताओं में जल, जंगल और जमीन की बढ़ती समस्या, प्रकृति संरक्षण का महत्व, हरित उत्पाद, प्रदेश की खनिज सम्पदा, ओजोन परत का क्षरण, पॉलिथीन के दुष्णप्रभाव, नदियों का संरक्षण, तपती धरती और जंगल क्यों नाराज है जैसे विषयों पर निबंध और भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है। जिला स्तर पर चयनित दो छात्र एवं दो छात्रा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करते है। मोगली बाल उत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन पेंच अभ्यारण्य सिवनी में आयोजित होता है। यह आयोजन 7 और 8 नवम्बर को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## खाद्य प्रतिष्ठान प्रेम भोजनालय का पंजीयन निलंबित किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अरूणेश कुमार पटेल द्वारा शुक्रवार को गणेश मंदिर के पास, उरी भवन, छोला रोड़, भोपाल स्थित खाद्य प्रतिष्ठान प्रेम भोजनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के भण्डार कक्ष में सर्वत्र कीट (कॉकरोच) तथा भोजनालय के पृष्ठभाग में बने किचिन में गंदगी के बीच भोजन का निर्माण होना पाया गया। प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार खाद्य कारोबार कर्ता खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में वर्णित खाद्य पंजीयन की शर्तों का पालन करने में असफल रहे हैं।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्य-जीव सप्ताह-2024 का चौथा दिन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वन विहार स्थित विहार वीथिका में 4 अक्टूबर को प्रातः 9:30 से 11.30 बजे तक वन्य-जीव गलियारे वन्य-जीव-मानव द्वंद को कम करने एवं जैव विविधता को बढावा देने में प्रभावी है'' विषय पर महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता डब्लू.डब्लू.एफ. के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दोपहर 12 बजे से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिये कथा वाचन'' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का संचालन सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डब्लू.डब्लू.एफ. की संचालक श्रीमती संगीता सक्सेना एवं श्री अजय मिश्रा उपस्थित रहे। वन विहार स्थित विहार वीथिका में वन्य-जीव थीम पर विद्यालयीन/महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसके अतिरिक्त प्रातः 11 से दोपहर 1.30 बजे तक वन्य-जीवन के लिये जलवायु परिवर्तन,



रहवास की कमी से ज्यादा बड़ा खतरा है'' विषय पर विश्व प्रकृति निधि भारत के सहयोग से शिक्षक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। दोपहर 12 से 1.30 बजे तक विद्यालयीन/महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये वन्य-जीव'' विषय पर पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता होगी।

## टाइगर वॉक'' (बाघ संरक्षण के लिये जन-जागरण रैली) का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वन मण्डल भोपाल की ओर से बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये राज्य स्तरीय वन्य-जीव सप्ताह-2024 के अंतर्गत 4 अक्टूबर को अपरान्ह 3 से 5 बजे की अवधि में टी.टी. नगर स्टेडियम के सामने स्थित रोड से मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल तक टाइगर वॉक'' (बाघ संरक्षण के लिये जन-जागरूकता रैली) का आयोजन किया गया है। इसमें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थी, एनएसएस के 300, एनसीसी के 600 केडेट, विभिन्न एनजीओ के सदस्य, महिला एवं पुरुष लगभग 2 हजार प्रतिभागी हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित हुए। रैली में वन एवं प्रचार वाहनों, लाउड-स्पीकर बाघ से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन करते हुए स्लोगन, प्रचार पट्टिका तथा नृत्य कलाकारों के माध्यम से बाघ संरक्षण का संदेश दिया गया। वन्य-प्राणी की दृष्टि से मध्यप्रदेश भारत का समृद्ध प्रदेश है। यहाँ सर्वाधिक बाघ होने के कारण इसे टाइगर स्टेट के नाम से भी जाना जाता है एवं हमारे देश



का भोपाल एकमात्र ऐसा शहर है, जहाँ बाघ एवं मानव शहरी आबादी में रहते हैं। यह मध्यप्रदेश एवं भोपाल शहर के लिये बहुत ही बड़े गर्व की बात है।

मध्यप्रदेश वन विभाग के वन एवं वन्य-प्राणियों के संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयासों का प्रतिफल है कि आज हमारा प्रदेश एवं भोपाल शहर बाघों के मामले में प्रथम स्थान पर है।

## सीवरेज परियोजना से शाजापुर में शत-प्रतिशत घरों को जोड़ा गया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए चयनित नगरीय निकायों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग विश्व बैंक की मदद से सीवरेज सिस्टम विकसित कर रहा है। शाजापुर में सीवरेज कनेक्शन के लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। यहाँ 13 हजार 260 घरों को सीवरेज कनेक्शन से जोड़ दिया गया है। प्रदेश के शाजापुर जिले की दो छात्राओं ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता की नई मिसाल पेश की है। सीएम राइज स्कूल शाजापुर की सोनाक्षी और साक्षी सूर्यवंशी ने भोपाल में हुई राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में



भाग लेकर साबित किया कि उम्र महज एक संख्या है, जब बात समाज और पर्यावरण की बेहतरी के लिए कुछ कर दिखाने की हो, तो च्वे भी इस अहम मुद्दे में पीछे नहीं हैं। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इनकी प्रस्तुति का विषय था ''स्मार्ट सीवेज फ़ॉर सिविलाइज़्ड सोसाइटी' एक ऐसा मुद्दा, जो सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़ा है। दोनों छात्राओं ने न सिर्फ नगरीय विकास एवं आवास विभाग के डेवपलमेंट कम्पनी द्वारा निर्मित सीवेज प्रबंधन के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि इसे एक बड़े सामाजिक मुद्दे के रूप में समाज के सामने प्रस्तुत किया। शाजापुर की सीवरेज परियोजना विश्व बैंक के सहयोग से संचालित है।

यह परियोजना शहर के नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। नागरिकों तक सीवरेज परियोजना का लाभ पहुँचाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाने का सार्थक प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक, महिलाओं की बैठकें, स्कूल-कॉलेजों में सेमिनार और घर-घर सम्पर्क के प्रयासों ने समाज को प्रेरित किया है। शाजापुर में उभर रही यह सोच दर्शाती है कि जब बच्चों को सही मार्गदर्शन और शिक्षा मिलती है, तो वे समाज में बड़े बदलावों की नींव रख सकते हैं।

## 7 और 8 नवम्बर को होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा विभाग का मोगली बाल उत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 अक्टूबर से प्रदेश भर में प्रारंभ हो गई है। इसके पहले सितम्बर माह में शाला, जनशिक्षा केन्द्र और विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा चुका है। मोगली बाल उत्सव जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण का एक संदेश है। मोगली बाल उत्सव में स्कूल शिक्षा विभाग राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के संयोग से प्रतियोगिता आयोजित करता है। इनमें ट्रेकिंग, सफारी, क्विज, फिल्म और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रूप से आयोजित किये जाते है। इस उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति का नजदीक से परिचय कराया जाता है। यह उत्सव न केवल प्रदेश में पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया है। प्रतियोगिता के कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग बनाकर बच्चों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है। इन प्रतियोगिताओं में जल, जंगल और जमीन की बढ़ती समस्या, प्रकृति संरक्षण का महत्व, हरित उत्पाद, प्रदेश की खनिज सम्पदा, ओजोन परत का क्षरण, पॉलिथीन के दुष्णप्रभाव, नदियों का संरक्षण, तपती धरती और जंगल क्यों नाराज है जैसे विषयों पर निबंध और भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है। जिला स्तर पर चयनित दो छात्र एवं दो छात्रा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करते है। मोगली बाल उत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन पेंच अभ्यारण्य सिवनी में आयोजित होता है। यह आयोजन 7 और 8 नवम्बर को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की समिति ने राज्य की महिला जन-प्रतिनिधियों से की चर्चा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** संचालक सह आयुक्त, पंचायतराज संचालनालय, श्री मनोज पुष्प ने बताया कि भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय की समिति ने म.प्र. का 2 दिवसीय दौरा किया है। समिति ने नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित प्रॉक्सी रिप्रेजेंटेशन संवाद कार्यक्रम में महिला जनप्रतिनिधियों से रू-ब-रू चर्चा की। समिति ने महिला सशक्तिकरण के लिए जारी कार्यक्रमों के अलावा संवैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। दो दिवसीय संवाद में प्रदेश की महिला जनप्रतिनिधियों ने खुलकर अपने विचार रखें। उन्होंने महिलाओं की बेहतरी के लिये आवश्यक सुझाव भी दिये। कार्यक्रम के अंत में संचालक, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान (एमजीएसआईआरडी) जबलपुर ने सभी का आभार व्यक्त किया। पंचायती राज व्यवस्था में महिला प्रतिनिधियों के प्रतिनिधित्व एवं सशक्तिकरण के प्रयासों को मैदानी स्तर पर जानने के लिए उच्चतम न्यायालय के सुझावों के अनुरूप भारत सरकार द्वारा पूर्व और वर्तमान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज श्री सुशील कुमार सहित 10 सदस्य शामिल है। समिति के सदस्य संयोजक के रूप में संयुक्त सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज सुश्री ममता वर्मा कार्य कर रही है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 के अंतर्गत पंचायतीराज व्यवस्था की स्थापना में प्रावधान किये गये है। 73वें संविधान 1993 के माध्यम से मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई। पंचायतों में देश की आधी आबादी अर्थात महिला प्रवर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए मध्यप्रदेश में 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। सरकार महिलाओं को राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है और इसमे सफलता भी मिल रही है। प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाओं ने विगत वर्ष संपन्न हुए पंचायत निर्वाचनों में भाग लेकर व निर्वाचित होकर सफलता का परचम लहराया है। समिति द्वारा राज्य के विभिन्न वर्गों की विभिन्न स्तरों पर निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में रूबरू चर्चा कर सुझाव मांगे गये, उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली गई। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत सिंगरौली सुश्री सोनम सिंह, विदिशा की सरपंच सुश्री वर्षा राजपूत, खरगौन की सरपंच श्रीमती मीना वर्मा, राजगढ सरपंच श्रीमती सुविता भिलाला, अध्यक्ष जिला पंचायत इंदौर वक्सवाहा से सरपंच श्रीमती ललिता यादव सहित विभिन्न जिलो से महिला जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम), म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), संयुक्त राष्ट्र महिला संघ (यूएनएफपीए), ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) आदि विभिन्न विभागों की महिला प्रतिनिधि भी उपस्थित हुई और अपना पक्ष रखा।

## शिक्षक का दायित्व निभाना कठिन चुनौती

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि अच्छे समाज के निर्माण में शिक्षक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते है। इस वजह से शिक्षक का दायित्व चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिये दीर्घ कालीन योजना बनाकर क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश में विश्वस्तरीय सर्वसुविधायुक्त स्कूल के रूप में सीएम राईज और पीएमश्री स्कूल प्रारंभ किये गये है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह गुरूवार को सागर जिले के ग्राम जालंधर में स्कूल उन्नयन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने घोषणा कर बताया कि अगले शैक्षणिक सत्र से यहां पर हायर सेकण्डरी स्कूल की शुरूआत होगी। कार्यक्रम को सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वहां अपने क्षेत्र की शाला व्यवस्था पर लगातार नजर रखें। उन्होंने शालाओं में



छात्रों और शिक्षकों के कड़े अनुशासन पर जोर दिया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को सुविधाजनक रूप से जोड़ने के लिये जल्द ही ग्रामीण परिवहन सेवा शुरू की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की

## सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 26 करोड़ 24 लाख से अधिक की राशि डाली गई





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के दमोह के सिंग्रामपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1574 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332.71 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 13 हजार 974 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 24 लाख 38 हजार 900 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, महिला बाल विकास अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 13 हजार 974 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 811 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 893, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 45 हजार 35, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 613 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 558 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 269, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 480, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 127 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 188 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत जिले के 104666 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई:** राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 4 हजार 666 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 27 लाख 99 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7124, मझौली के 13097, रामपुर नैकिन के 21964, सीधी के 27984 एवं सिहावल के 27984 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2459, मझौली के 1145, चुरहट के 1248 एवं रामपुर नैकिन के 1072 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 54217, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12159, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन योजना के 2294, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 724, मंदबुद्धिध्वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1666, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9194, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 282, सामाजिक सुरक्षा पेंशन निःशक्त पेंशन योजना के 7247, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2272, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 14603 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 8 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

---

## सकरिया एयरपोर्ट पर पूजन का वीडियो वायरल

### प्राइवेट प्लेन से आए रुद्र प्रताप सिंह ने की पूजा, कलेक्टर बोले- प्रशासन को जानकारी नहीं

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना के सकरिया एयरपोर्ट पर शुक्रवार को पूजा करने का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि एयरपोर्ट पर रुद्र प्रताप सिंह अपने परिवार और कंपनी के सीमित लोगों के बीच साथ वहां पूजा कर रहे है। वहीं इस मौके पर कोई भी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों यहां मौजूद नहीं थे।

बताया जा रहा है कि इस ऐतिहासिक एयरपोर्ट को सरकार ने 99 साल की लीज पर रुद्र प्रताप सिंह को दिया है। उन्होंने ही अपने प्लेन से यहां पहुंचकर पूजन किया। वहीं, पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि सकरिया हवाई पट्टी को सरकार ने किसी निजी कंपनी को लीज पर दिया है, जिन्होंने अपने स्तर पर कोई कार्यक्रम किया होगा, जिसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है। मुझे भी कोई इनविटेशन नहीं मिला है।

दरअसल, पन्ना नगर से करीब 15 किलोमीटर दूर सकरिया गांव में पहले एक पुराना हवाई अड्डा था, जहां खजुराहो से पहले प्लेन उतरते थे लेकिन खजुराहो का हवाई अड्डा बनने के बाद सकरिया का हवाई अड्डा बंद हो गया और धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होकर मैदान बन गया।

लेकिन 13 वर्ष पूर्व तत्कालीन पन्ना कलेक्टर दीपाली रस्तोगी की पहल और प्रयासों से एक बार फिर सकरिया में एयरपोर्ट के निर्माण की उम्मीद जगी थी। उस समय नागरिक उड्डयन विभाग के आला अधिकारी हेलीकॉप्टर से यहां आकर सकरिया हवाई पट्टी का निरीक्षण भी किया था लेकिन दीपाली रस्तोगी का स्थानांतरण होने के बाद पन्ना जिले के विकास से जुड़ा यह महत्वपूर्ण मुद्दा ठंडे बस्ते में चला गया, फिर किसी ने भी इस मामले की खोज खबर नहीं ली।

## सीईओ जिला पंचायत ने सिहावल में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

### ग्रामपंचायतों में प्रगतिरत कार्यों का किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जनपद पंचायत सिहावल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने समस्त योजनाओं के योजना प्रभारी, सभी खंडस्तरीय अधिकारियों, पीसीओ व उपयंत्रियो के साथ जनपद पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित की जिसमें मुख्य रूप से मनरेगा योजना, आवास योजना, पंचायतराज एवं 15 वें वित्त सहित पोषण शक्ति अभियान की समीक्षा की। समीक्षा में सभी योजना प्रभारी को प्रगति के संबंध में कड़े निर्देश दिए गए। जिन उपयंत्री एवं पीसीओ के क्षेत्र में खराब प्रगति पाए गई उन्हें 15 दिवस की समयावधि में लक्ष्य की पूर्ति करते हुए सीईओ जनपद पंचायत को प्रतिदिन की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक उपरांत सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत लिलवार की गौशाला एवं पौधरोपण कार्य, सेमरी तालाब के पास पौधरोपण, सोन घड़ियाल क्षेत्र, ग्राम पंचायत सिहौलिया में गौ-अभ्यारण्य का निरीक्षण किया गया तथा सुधार हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सहायक यंत्री को आवश्यक निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल शैलेश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी मनरेगा अशोक शुक्ला, सहायक परियोजना अधिकारी कुँवर बहादुर सिंह, सहायक यंत्री अतुल मिश्रा, डेटा मैनेजर ओमकार विक्रम सिंह सहित बीआरसीसी मुन्नालाल साकेत, प्रभारी एपीओ अरुण पाठक, पीएसईओ कामता तिवारी, बीसी एसबीएम रविन्द्र दुबे, बीसी आवास मनमुरत मिश्रा व उपयंत्री एवं पीसीओ साहित ग्राम पंचायत के सरपंच, साचिव व ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## स्कूटी की डिग्गी से रुपए लेकर भागे बदमाश गिरफ्तार वाहन

## वाहन मालिक और गोहपारू पुलिस ने मिलकर पकड़ा



**शहडोल निप्र।** शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के बाजार में चाय पीने रुके एक व्यक्ति के स्कूटर की डिग्गी से नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज शनिवार को दो बदमाशों ने चुरा लिए। पुलिस ने दो व्यक्तियों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकदी और दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

घटना में इस्तेमाल की गई बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। गोहपारू थाना क्षेत्र के बरेली निवासी राजेंद्र सिंह पिता शिवहर बघेल शनिवार को एसबीआई बैंक से रुपए निकाल कर घर जा रहे थे। तभी रास्ते में एक होटल के पास राजेंद्र ने अपनी स्कूटी खड़ी कर चाय पीने लगे थे।

**डिग्गी से निकाल लिए पैसे और कागज:** रैकी कर रहे बाइक में सवार दो बदमाशों ने राजेंद्र की स्कूटी की डिग्गी खोलकर डिग्गी में रखे नगद 10 हजार और कागजात चोरी कर लिए। चोरी की घटना राजेंद्र सिंह ने दूर से देख ली और चिल्लाते हुए दौड़ लगा दी। तभी बदमाश बाइक में सवार होकर वहां से भाग निकले। इसके बाद राजेंद्र सिंह ने अपनी स्कूटी चालू की और बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया। उन्होंने गोहपारू थाने के नंबर पर इस घटना की सूचना दी।

## बदलते मौसम में बिगड़ रही लोगों की सेहत

### जिला अस्पताल में बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में मौसम के बदलाव की वजह से मौसमी बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। जिसकी वजह से जिले के ट्रॉमा सेंटर सहित स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉक्टर इस मामले में सलाह दे रहे हैं कि लोग सतर्क रहें, खुद को बारिश से बचाएं।

जिला अस्पताल में पदस्थ एमडी मेडिसिन डॉक्टर गंगा बैस ने बताया कि जिला अस्पताल में बुखार और डायरिया से संबंधित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों को बदलते मौसम में थोड़े सावधान रहने की भी आवश्यकता है। अगर बारिश हो रही है तो बारिश में भीगने से बचें। साथ ही अगर तेज धूप है तो उससे भी अपने आप को सुरक्षित रखना है। इसके अलावा खान-पान का विशेष ध्यान रखना है। इस मौसम में बासी भोजन करने से बचना चाहिए क्योंकि डायरिया का बड़ा कारण प्रदूषित खाना और प्रदूषित पानी ही है।

जिला अस्पताल में क्षमता से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। वजह जागरूकता का अभाव भी है। लोग प्रदूषित खाने और बारिश की समय में प्रदूषित पानी पी रहे हैं।

## कुल्हारी से काटकर पत्नी की हत्या

## हत्या कर खुद को कमरे में किया बंद, पुलिस ने किया खुलासा



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले की भालूमाडा तहसील के फुनगा चौकी अंतर्गत 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत दैखल के बांका टोला में पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी पत्नी के साथ संबंध बनाना चाहता था। संबंध बनाने से मना करने पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या कर दी।

फुनगा चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि 4 अक्टूबर को आरोपी मोहन पनिका ने अपनी पत्नी हेमवती पनिका की हत्या कर दी। उसने खुद को उसी कमरे में बंद कर लिया था। जिसकी जानकारी मृतक के बेटे ने डायल 100 को दी थी।

सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची डायल 100 के आरक्षक देवेंद्र तिवारी और पायलट गोविंद ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। आरोपी ने दरवाजा नहीं खोलने पर घर मे लगे शेड को तोड़कर देखा गया, तो महिला का लहुलुहान हालत में शव पड़ा हुआ था। जिसके बाद आरोपी मोहन पनिका को पकड़ कर फुनगा पुलिस चौकी ले जाया गया था।

**पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता था आरोपी:** जब आरोपी से हत्या के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 4 अक्टूबर को रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता था। पत्नी हेमवती ने शारीरिक संबंध बनाने से मना कर दिया। जिससे आरोपी मोहन गुस्सा होकर पत्नी हेमवती की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपी मोहन से लोहे की कुल्हाड़ी जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## प्रधानमंत्री ने सिंगल क्लिक से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का किया हस्तांतरण

### देश के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण

### सीधी जिले के एक लाख 35 हजार से अधिक किसान हुए लाभान्वित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त का 9.4 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया।

इस कार्यक्रम में सीधी जिले के एक लाख 35 हजार 644 किसान परिवार लाभान्वित हुए। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया सहित हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई।

आज के कार्यक्रम में जिले के एक लाख 35 हजार 644 कृषकों के खाते में 2 हजार रुपये के मान से कुल 27 करोड़ 12 लाख 88 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई है। तहसील कुसमी के 11 हजार 623, गोपद बनास के 24 हजार 417, चुरहट के 13 हजार 165, बहरी के 15 हजार 346, मझौली के 25 हजार 172, रामपुर नैकिन के 27 हजार 2 तथा सिहावल के 18 हजार 919 कृषकों के खाते में राशि अंतरित की गई है।



## सफलता की कहानी

## किसान सम्मान निधि योजना ने कृषि को बनाया लाभ का धन्धा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिला अंतर्गत तहसील गोपद बनास के ग्राम नौढिया के रहने वाले कृषक सुनील मिश्रा को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रति चार माह के अन्तराल में दो हजार रूपये राशि किश्तों में प्राप्त हो रही है। इस योजना से वे बहुत खुश हैं। उन्होने बताया कि उनके पास 2.5 एकड़ की जमीन है जिसमें खेती करने के लिए कई बार खाद, बीज और जुताई के लिए पैसा समय से नहीं रहता था जिससे समस्या होती थी। रिश्तेदारों से उधार लेना पड़ जाता था या फिर ब्याज पर भी पैसे लेने पड़ते थे। कभी-कभी समय से पैसा ना मिलने पर समय से खेती नहीं हो पाती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा हम किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना के तहत समय-समय से खाद, बीज, दवा, जुताई, के लिए साल भर में कुल 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की व्यवस्था कर दी गयी है, जिससे अब हम चिंता मुक्त रहकर खेती कर पा रहे हैं और किसी से कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। उन्होंने बताया कि अब पैसे की कमी के कारण हमारी खेती पिछड़ती नहीं है। समय से खाद, बीज मिलने के कारण हमारे खेत में भी उपज इतना हो जाता है कि घर के खर्चे के अलावा हम 50 हजार तक का गेहूं और 20 हजार रुपए तक की धान बेचकर अपने घर का खर्चा आसानी से चला पा रहे हैं।

किसान सुनील मिश्रा प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हुये कहते है कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही कृषक हितैषी सरकार है। इन योजनाओं के कारण किसान चिंता मुक्त हुए हैं और गर्व से खेती किसानी कर रहे हैं।

## पीएम किसान सम्मान-निधि मिलने से खुश हैं किसान भाई



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के तहसील गोपद बनास अन्तर्गत झगरहा गाँव के किसान संजय पाण्डेय को पी.एम. किसान सम्मान-निधि की 2000 रुपये की 18वी किश्त मिली है। संजय ने बताया कि खेती-किसानी से सीमित आमदनी होने के कारण पहले बहुत समस्या होती थी। जबसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने लगा है तब से बहुत ही सहूलियत हो गई है। उन्होंने बताया कि चार एकड़ की जमीन सिंचित उपलब्ध है जिसमें हम खेती करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। सिंचाई के लिए बोर उपलब्ध है और खाद बीज के साथ अन्य आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए पीएम किसान सम्मान निधि काफी मददगार है।

संजय पाण्डेय ने किसान सम्मान-निधि के लिये प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए कहा है कि इस योजना से देश और प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों को बड़ी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि पी.एम. किसान सम्मान-निधि योजना में प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद और पात्र किसानों को 2-2 हजार रुपये की तीन किश्त देने का प्रावधान है। जिससे हम जैसे किसानों को काफी मदद हो जाती है। उन्होंने बताया कि अब उन्हें खेती से लाभ भी होने लगा है। इसमें से लगभग 02 लाख रुपये का धान तथा 50 हजार रुपये का गेहूं हर साल बेचते हैं।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने की घर के खर्च में मदद



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रदेश की महिलाओं की जिंदगी को संवारने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को लेकर सीधी जिले के हर गांव-हर घर में खुशी का माहौल है। जिले के नगर पालिक परिषद् सीधी के वार्ड 21 निवासी श्रीमती ज्योति सोनी ने कहा कि मेरे खाते में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 1250 रूपए की राशि प्रत्येक महीने प्राप्त हो रही है। इस राशि का उपयोग मैं अपने घर का खर्च चलाने में करती हूं और साथ ही उसे थोड़ा-थोड़ा पैसा बचाकर सामान रखने के लिए अलमारी खरीदी हूं। लाडली बहना योजना से मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि इससे महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

## लाडली बहना योजना आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाने में कारगर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उनकी जिन्दगी बदलने में वरदान साबित हो रही है। सीधी जिले नगर पालिक परिषद् सीधी अन्तर्गत वार्ड 21 की निवासी किरण सिंह को भी लाडली बहना योजना अंतर्गत 1250 रूपये की राशि प्रतिमाह प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना से महिलाओं को अपने छोटी-मोटी जरूरत को पूरी करने के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है, वह अपनी आवश्यकता अनुसार सामग्री खरीद सकती हैं। लाडली बहना योजना से लाभान्वित होकर किरण बेहद खुश है।

किरण सिंह का कहना है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। योजना से मिली सौगात और जीवन में आये बदलाव के लिए किरण सिंह ने अपने लाडले भइया मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिया है।

## मलगा गांव में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

### एक दिन पहले पढ़ाई को लेकर घर में बातचीत हुई थी

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के बधौरा चौकी अंतर्गत आने वाले मलगा गांव में 18 साल की युवती का शव फंदे पर लटका मिला है। प्रारंभिक तौर मामला आत्महत्या का लग रहा है। लेकिन पुलिस का कहना है कि वह हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

चौकी प्रभारी एसआई बंसल ने बताया कि आज सुबह तकरीबन 9:00 बजे मलगा गांव से सूचना आई थी कि मुनीता साकेत जो 18 साल की है। उसका शव घर से थोड़ी ही दूरी पर एक पेड़ से लटका है। मैं खुद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

परिवार जनों से बातचीत के दौरान यह पता चला कि एक दिन पहले शुक्रवार को पढ़ाई लिखाई को लेकर घर में कुछ रात में बातचीत हुई थी। उसके बाद सुबह जब वह घर पर नहीं मिली और उसकी तलाश हम लोगों ने की तो घर से थोड़ी ही दूरी पर एक पेड़ में उसका शव फंदे से लटका मिला।

# विचार

## भाजपा के हिन्दुत्व में रुकावट है एससी-एसटी पर अत्याचार

हिन्दुओं की एकता की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी का यह सपना शायद ही कभी पूरा हो सकेगा। देश में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचारों के मामले में देशभर में उत्तरप्रदेश पहले, मध्यप्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर है। इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि हाशिए पर रह रहे इन वर्गों पर अत्याचारों का मामला राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बन सका। इन वर्गों की दुहाई के लिए घडियाली आंसू बहाने वाले राजनीतिक दलों और संगठनों ने इन अत्याचारों पर धरना-प्रदर्शन करना तो दूर मुंह तक नहीं खोला। भाजपाशासित राज्यों में एससी-एसटी पर अत्याचार शीर्ष पर होने के बावजूद यह मुद्दा चिंता का विषय नहीं बन सका। अत्याचारों के आंकड़ों की यह तस्वीर भाजपा के हिन्दुओं के एकता की सच्चाई उजागर करती है। एक सरकारी रिपोर्ट से पता चला है कि वर्ष 2022 में अनुसूचित जातियों (एसटी) के खिलाफ 97.7 प्रतिशत अत्याचार 13 राज्यों में केंद्रित थे, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसे मामलों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में 12,287 मामले (23.78 प्रतिशत), राजस्थान में 8,651 मामले (16.75 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश में 7,732 मामले (14.97 प्रतिशत) दर्ज किए गए। इसके अलावा अन्य राज्यों में अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें बिहार में 6,799 मामले (13.16 प्रतिशत), ओडिशा में 3,576 मामले (6.93 प्रतिशत) और महाराष्ट्र में 2,706 मामले (5.24 प्रतिशत) शामिल हैं। वर्ष 2022 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए कुल मामलों में से लगभग 81 प्रतिशत केवल इन छह राज्यों में दर्ज किए गए। इस अधिनियम के तहत 2022 में अनुसूचित जातियों के खिलाफ कुल 51,656 मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ये मामले भारतीय दंड संहिता के तहत भी दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि एसटी के खिलाफ अत्याचार के अधिकांश मामले भी 13 राज्यों में हुए। एसटी से जुड़े 9,735 मामलों में से मध्य प्रदेश में 2,979 मामले (30.61 प्रतिशत), राजस्थान में 2,498 मामले (25.66 प्रतिशत) और ओडिशा में 773 मामले (7.94 प्रतिशत) दर्ज किए गए। एसटी से संबंधित अन्य मामलों में महाराष्ट्र में 691 मामले (7.10 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश में 499 मामले (5.13 प्रतिशत) शामिल हैं। इस रिपोर्ट में जांच और चार्जशीट से संबंधित डेटा भी प्रस्तुत किया गया है। अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में 60.38 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए, जबकि झूठे दावों या सबूतों की कमी के कारण 14.78 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई। वर्ष 2022 के अंत तक 17,166 मामलों की जांच अभी भी लंबित थी। अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों में 63.32 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए, जबकि 14.71 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई। 2022 के अंत तक 2,702 मामलों की जांच जारी थी। रिपोर्ट में एक प्रमुख चिंता अधिनियम के तहत दोषसिद्धि दर में गिरावट है; साल 2022 में यह दर 2020 के 39.2 प्रतिशत से घटकर 32.4 प्रतिशत हो गई।

# हरियाणा में पिछड़ रही भाजपा मतदान से ठीक पहले मुश्किल स्थिति से कैसे उबर गयी?

**नीरज कुमार दुबे**

**हरियाणा में लगभग सवा नौ साल तक मुयमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ उपजी नाराजगी को भांप कर भाजपा नेतृत्व ने इस साल मार्च में उन्हें मुयमंत्री पद से हटा दिया था। खट्टर को लोकसभा चुनाव लड़वा कर और केंद्रीय मंत्री पद सौंप कर दिल्ली की राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया गया लेकिन खट्टर का मन हरियाणा में लगा रहा।**



भाजपा नेतृत्व को जब यह लगा कि खट्टर का नाम नुकसान पहुँचा रहा है तो पूरे चुनाव प्रचार अभियान से खट्टर का नाम और उनकी तस्वीर गायब कर दी गयी। हमने पाया कि भाजपा की हर चुनावी रैली अथवा जनसभाओं के दौरान मंच पर या उसके आसपास लगने वाले पोस्टरों, बैनरों और होर्डिंगों में खट्टर का नाम और तस्वीर नहीं थी। यही नहीं हरियाणा सरकार की जिन उपलब्धियों के सहारे भाजपा ने चुनाव लड़ा उसमें भी खट्टर की तस्वीर नहीं लगायी गयी। भाजपा ने साधारण लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार सामग्री में किया। जैसे युवाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि बिना खर्ची पर्ची नौकरी दी गयी। किसानों की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि 24 फसलों का एमएसपी दे रही हरियाणा सरकार, महिलाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि तमाम योजनाओं का लाभ दे रही भाजपा सरकार। इसी प्रकार अन्य उपलब्धियों का बखान करते हुए भी प्रचार सामग्री तैयार करवायी गयी जिसमें आम लोगों की तस्वीरें प्रकाशित की गयी थी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती। खट्टर से व्यक्तिगत रूप से लोगों की नाराजगी भाजपा को चुनावों में उसी तरह नुकसान पहुँचा सकती थी जैसे कि राजस्थान विधानसभा के 2018 के चुनावों में देखने को मिला था जब नारे लग रहे थे कि मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं। हमसे बातचीत में भाजपा के भी कई समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने माना कि यदि खट्टर को हटाने का फैसला एक साल पहले लिया गया होता तो लोकसभा चुनावों में भी हम सारी सीटें जीत सकते थे। इसके अलावा, 15 दिनों पहले जब हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार की कवरेज की शुरुआत की थी उस समय सब जगह कांग्रेस की हवा ही दिख रही थी लेकिन एक एक दिन बीतने के साथ यह हवा हमें धीमी पड़ती दिखी और अब जब चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है तो कहा जा सकता है कि हवा किसी एक के पक्ष में नहीं है बल्कि कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। हरियाणा चुनाव के दौरान मुझे दिल्ली नगर निगम का पिछला चुनाव इसलिए याद आ गया क्योंकि उसमें भाजपा का सूपड़ा साफ होने की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन जब परिणाम आये तो पार्टी नजदीकी मुकाबले में आम आदमी पार्टी से सिर्फ कुछ सीटों से पिछड़ गई थी। हरियाणा चुनावों में भी जमीनी स्थिति कुछ ऐसी ही दिखी। ऐसा लगता है कि भाजपा को जब इस बात का अहसास हुआ कि वह चुनाव में कांग्रेस से बहुत ज्यादा पीछे नहीं है तो उसने पिछले 10 दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार जनसभाएं कराई गयीं और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार में उतार दिया गया। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने 70 से ज्यादा रैलियां और जनसभाएं कीं। जवाब में भाजपा ने 150 सभाएं और रैलियां कर माहौल को पूरी तरह बदल दिया।

हरियाणा में कांग्रेस ने जमीन तक इस बात को पहुँचाने में सफलता हासिल कर ली थी कि %कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही है%। भाजपा ने इस हवा की चाल को धीमा करने के लिए परिवारवाद को मुद्दा बनाया और भूपिंदर सिंह हुड्डा के पिछले शासन की याद दिलाई जिससे माहौल बदलने लगा। भाजपा ने जनता के बीच इस धारणा को मजबूत किया कि अगर कांग्रेस आई तो निश्चित रूप से हुड्डा को कमान सौंपी जाएगी। कांग्रेस नेतृत्व ने भी बार-बार हुड्डा को ही कमान सौंपने के संकेत दिये जिससे फायदा होने की बजाय नुकसान होता दिखा क्योंकि हुड्डा को अपने पिछले कार्यकाल में सिर्फ रोहतक का सीएम माना जाता था और उन पर अपने आलाकमान को खुश रखने के लिए प्रदेश के संसाधनों का दुरुपयोग करने के आरोप भी हैं। कई क्षेत्रों के लोगों का मानना है कि हुड्डा ने सिर्फ रोहतक में काम किया जिससे वहां की जमीनों के रेट ज्यादा हैं और उनके इलाके की जमीनों का रेट बहुत कम है।

इसके अलावा भाजपा ने जिस एकजुटता और रणनीति के साथ हरियाणा में काम किया उससे पार्टी मुकाबले में तेजी से वापसी करती दिखी। रैलियों, सभाओं और डोर टू डोर हुए प्रचार के बाद मिल रहे फीडबैक से भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा और इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी इसलिए 3 अक्टूबर शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थमने तक भाजपा के प्रदेश के बड़े नेता, दूसरे राज्यों के मंत्री और मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री जनता के बीच लगातार पहुंचकर भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने की अपील करते दिखे। भाजपा की रैलियों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले लगभग एक महीने में प्रमुख नेताओं की 150 से अधिक जनसभाएं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने रैलियों और रोड शो के माध्यम से अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस को अनेक मुद्दों पर सफलतापूर्वक घेरा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तो एक दिन में 4 से 5 बड़ी रैलियां कीं। भाजपा के लिए हरियाणा में सघन प्रचार करने वालों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि शामिल रहे। हरियाणा भर में कोई शहर या गांव ना छूटे इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी लगायी गयी ताकि भाजपा की उपलब्धियों और पार्टी के संकल्प पत्र में किये गये वादों को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। इसके अलावा भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने विपक्षी नेताओं और उम्मीदवारों के प्रचार और उनके संबोधनों पर बारीकी से निगाह रखी। यदि किसी विपक्षी नेता ने कोई विवादित बयान दिया तो उसको सोशल मीडिया पर वायरल करवाया गया।

बहरहाल, तमाम प्रयासों के जरिये भाजपा मनोहर लाल खट्टर के प्रति नाराजगी से उबर पाने में तो सफल हुई। देखना होगा कि यह सफलता मतों में परिवर्तित होती है या नहीं? लोकसभा चुनावों के बाद हो रहे हरियाणा चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि भाजपा अपनी सरकार बचा लेती है तो लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने से चूकी पार्टी का मनोबल बढ़ जायेगा और यदि कांग्रेस चुनाव जीतती है तो राहुल गांधी का कद और स्वीकार्यता राष्ट्रीय राजनीति में और बढ़ जायेगी।

# यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

**उमेश चतुर्वेदी**

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं। इस आयोजन में एक पूरा और एक्सक्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य



उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की। इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था। इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला। इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए। इस दौरान बिरला एयरकॉन और सोनी के बीच जहां 50 करोड़ का करार हुआ, वहीं मदरसन कंपनी को 25 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसी तरह आइसक्रीम की मशहूर कंपनी वडीलाल और जैन शिकंजी को 10-10 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। पूरे आयोजन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है। तब आयोजन के पहले दिन यानी 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली थी, हालांकि बाद के हर दिन को लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48 हजार लोग मेले में पहुंचे थे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वालों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई। बहरहाल यूपीआईटीएस के बीते आयोजन में राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को नई उड़ान मिली है। इस दौरान राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी हुई। इस आयोजन के दौरान 75 हजार कारोबारी निर्यात के ऑर्डर भी मिले।

# आज से विधिवत शुरू हुआ चिरमिरी का शासकीय पालीटेक्निक कालेज

## स्वास्थ्य मंत्री ने फीता काटकर की शुरुआत

### नवप्रवेशी छात्रों को कापी और पेन भेट कर किया गया सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी/चिरमिरी निप्र।** कोयलांचल चिरमिरी का बहुप्रतीक्षित मांग पालीटेक्निक कालेज आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के फीता काटते ही विधिवत प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर हुई। स्वागत सत्कार से पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी की राजकीय गीत

पर, मौजूद कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि, कालेज स्टाप और छात्र छात्राओं ने खड़े होकर अभिवादन किया तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा छात्र - छात्राओं को संबोधित किया गया। इस दौरान पूर्व महापौर डमरू बेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी में विधिवत शुरुआत कराने के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया गया वही आगामी चिरमिरी को मिलने वाली बड़ी सौगातों और आने वाले बड़े प्रोजेक्टों की साक्षिप्त जानकारी देते हुए चिरमिरी में शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज को बड़ी उपलब्धि बताया। ज्ञात हो कि आज से

शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी का सत्र 2024 - 25 प्रारंभ हो गया। उक्त शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 911.44 लाख रुपए और उपकरण एवम साज-सज्जा के लिए– 100.00 लाख यानि 10 करोड़ 11 लाख 44 हजार रुपए हुई है। विदित हो कि शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में चार ब्रांच सिविल इंजीनियर, माइनिंग इंजीनियर, मैकेनिकल इंजीनियर और जी पी एस एवम जी आई एस के लिए 60 - 60 की क्षमता निर्धारित की गई है जिसमे कुल 240 छात्र छत्राए अध्यनरत होंगे। वर्तमान सत्र में फिलहाल कुल 27 नवप्रवेशी छात्रों से आरंभ हुए कालेज में 8 सिविल इंजीनियर व माइनिंग के 19 छात्रा शामिल है। कालेज के स्टाप सेटअप की बात करे तो शैक्षणिक स्टाप 23 और सहयोगी स्टाप 45 यानि कुल 68 शिक्षक को स्वीकृति है, वही नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 01 में 05 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। फिलहाल अस्थाई तौर पर आज से प्रथम तल शासकीय जीआईएस संस्था चिरमिरी में की गई है। जानकारी के अनुसार एआईसीटीई भारत सरकार से मान्यता 31 /05/24 और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी सीएसवीटीयू से संबंधता 18 /07 /24 को मिली। शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी के प्रिंसिपल श्री रामजी पांडे ने बताया कि जीपीएस एवम त्वढ्स चिरमिरी का यैसा दूसरा ब्रांच पूरे भारत में होगा, इसका पहला ब्रांच वेस्ट बंगाल कलकत्ता में है, वही प्रदेश 33 वां और सरगुजा का 5 वॉ है।

शासकीय पॉलिटेनिक कॉलेज के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल जी उपस्थित कालेज स्टाप व छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के नाम पर जो झूठे वायदे किए गए, जहां देखा गया कि चिरमिरी शहर के बड़ी बाज़ार के जिस अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का नाम दिया जा रहा था, वो ना तो सुपर था ना ही स्पेशल, ऐसा ही डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के लिए भी लोगों के साथ छला गया, ऐसा ही एडवेंचर पार्क के लिए लोगों को भ्रमित किया गया और आज वर्तमान समय तक कांग्रेस अपने किए गए तमाम वादों को पूरा नहीं कर सकी, मगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम करने के लिए जनता के बीच है, जनता की सेवा के लिए है, ये पॉलिटेक्निक कॉलेज जिसे सरकार द्वारा दस करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है, ये पॉलिटेक्निक कॉलेज आम जनमानस की सेवा के लिए, बच्चों के लिए सरकार द्वारा शुरू किया जा रहा है। इस पॉलिटेक्निक कॉलेज में मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल माइनिंग समेत कई अन्य विषयों पर बच्चों को पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे कि बच्चों को रोजगार मिल सके, इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि कांग्रेस की तरह लोगों को मात्र झूठे सपने दिखाने का काम भाजपा नहीं करती है।भाजपा लोगों के सपनों को साकार करने का काम करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

पिछली सरकार यानि कांग्रेस पार्टी ने रेल्वे के प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया यह कह कर की इसकी अभी ज़रूरत नहीं है, जबकि लोगों ने कांग्रेस शासन काल में इसकी मांग की थी, मगर लोगों को ठगने के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं किया, मगर भाजपा ने लोगों के ज़रूरतों को तकलीफों को समझा, बहुत जल्द छह माह के भीतर नागपुर से पाराडोल रेल्वे लाईन लगने वाली है, जिससे लोगों को कांग्रेस के शासनकाल में जिन सुविधाओं से वंचित रखा गया था यह कह कर कि इनकी अभी ज़रूरत नहीं है, उन सुविधाओं को भाजपा अपने आम जनता के लिए धरातल से जोड़ते हुए सफलतापूर्वक पूरी करने जा रही है।

एक हफ्ते के अंदर परसगढी में मेडिकल कॉलेज का कार्य शुरू होगा, जिसमें सरकार ने पांच सौ करोड़ की मंजूरी दे दी है जिससे चिरमिरी एवं मनेंद्रगढ़ के लोगों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के नए अवसर मिल सकें।

## तहसीलदारों के तबादले पर रोक

### हाईकोर्ट ने कहा-सरकार बनाए कमेटी, एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा था-मंत्री ने पैसे लेकर किया ट्रांसफर



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के 18 तहसीलदारों के तबादले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि सभी तहसीलदार सरकार के पास आवेदन पेश करें। इसके लिए 45 दिन का समय दिया है। कोर्ट ने सरकार को भी तहसीलदारों के आवेदन पर विचार करने कमेटी का गठन करने की बात कही है।

हाईकोर्ट ने कहा कि कमेटी इस बात की समीक्षा करेगी कि उनका ट्रांसफर नियम के मुताबिक हुआ या नहीं। हाईकोर्ट से स्टे मिलने के बाद अब सभी तहसीलदार अपने मूल स्थान पर पदस्थ रहेंगे। वहीं ट्रांसफर को लेकर कनिष्ठ प्रशासनिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमणि दुबे ने राजस्व मंत्री पर पैसे लेने का आरोप लगाया था।

**क्या था तहसीलदार ट्रांसफर मामला:** दरअसल, सितंबर महीने में राजस्व विभाग के 169 अफसरों का तबादला किया गया था। इसमें 55 तहसीलदार शामिल थे। तबादले पर कनिष्ठ प्रशासनिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमिण दुबे ने कहा था कि 2 साल में 6 बार ट्रांसफर हो चुका है। वहीं 4 महीने में ही उनका 4 बार तबादला किया जा चुका है। इसके बाद नीलमणि को सस्पेंड कर दिया गया था।

**महिला से 15 लाख मांगे गए:** साथ ही एक और आरोप था कि एक महिला तहसीलदार का 9 महीने में 3 बार तबादला किया गया। जब उसने पारिवारिक कारणों से अपने जिले में ट्रांसफर के लिए आवेदन किया तो 15 लाख रुपए मांगे गए।

**आदेश से एक तहसीलदार का नाम था गायब:** वहीं एक अन्य तहसीलदार ने कहा था कि, उन्हें बस्तर संभाग में 5 साल हो गए हैं। लगातार 3 साल से दुर्गम अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ हैं। उनका नाम ट्रांसफर सूची में था, लेकिन आदेश में उनका नाम गायब हो गया।

**तहसीलदारों और अधिकारियों ने लगाई थी याचिका:** तबादले को लेकर 18 से अधिक तहसीलदारों और नायाब तहसीलदारों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 18 लोगों को कोर्ट से राहत मिली है। इसमें तहसीलदार नीलमणि दुबे, अभिषेक राठौर, पेखन टोंडरे, प्रेरणा सिंह, राजकुमार साहू, राकेश देवांगन और जयेंद्र सिंह ने याचिका लगाई थी।

इसके साथ ही प्रियंका बंजारा, प्रियंका टोप्पो, गुरु दत्त पंचभाई, सरिता मढ़रिया, नायाब तहसीलदार विपिन बिहारी पटेल, दीपक चंद्राकर, कमलावाती, माया अंचल समेत 18 लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

**मंत्री पर पैसे लेकर ट्रांसफर करने का आरोप:** सिमगा के तहसीलदार नीलमणि दुबे ने राजस्व मंत्री पर पैसे लेकर ट्रांसफर करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि ट्रांसफर में क्राइटेरिया का पालन नहीं किया गया। यह सब राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बंगले से हो रहा है। उन्होंने कहा, ट्रांसफर ऑर्डर के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। वहीं भूपेश बघेल ने इस पर सीएम साय से जवाब मांगा था।

**ट्रांसफर को लेकर कोई नियम बताए मंत्री:** कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा था कि मंत्री महोदय कोई क्राइटेरिया बता दें कि 2 साल से ऊपर वाले का ट्रांसफर किया गया है या 3 साल के ऊपर वाले का किया गया है। ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर तो कोई नियम होगा, मंत्री जी उसे बताएं।

उन्होंने कहा था कि, अगर सरकार और शासन ही नियम-कानून नहीं मानेंगे तो यह बहुत बड़ी विडंबना है। ऐसे में प्रदेश में कैसे सुशासन आएगा? सुशासन केवल नीति और नियम बनाने से नहीं होता उसका पालन करने से सुशासन आता है।

## अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर में एक युवक अवैध तरीके से शराब बेचते गिरफ्तार हुआ है। आरोपी एक बोरी में शराब छिपाकर रखा था। जिसे बेचने के लिए बाजार में ग्राहक की तलाश कर रहा था। तभी पुलिस को भनक लग गई। युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली के गुढ़ियारी थाना इलाके के कलिंग नगर पास एक युवक खड़ा है। उसने बोरी में शराब रखा हुआ है। जिसे बेचने के लिए वह ग्राहक की तलाश कर रहा है।

## आवासविहीन परिवारों के लिए खुशी का माहौल, पीएम आवास अंतर्गत जिले में भूमिपूजन एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले में आवास विहीन एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य शासन के निर्देशानुसार 3 से 5 अक्टूबर तक जिलेभर में गृह प्रवेश एवं भूमि पूजन कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लाभार्थियों को नवनिर्मित घरों में प्रवेश का अवसर मिल रहा है जिससे उनके जीवन में खुशहाली का नया अध्याय शुरू हो रहा है।



कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण किए गए घरों में हितग्राही पूरे उत्साह और उमंग के साथ गृह प्रवेश कर रहे हैं। इसके साथ ही योजना के अंतर्गत स्वीकृत नए आवासों का विधि-विधान से भूमिपूजन भी किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं शासकीय अधिकारियों तथा ग्रामीणों और हितग्राहियों की सहभागिता से उत्सवपूर्ण माहौल में संपन्न हो रहा है।

नव निर्मित आवासों को तोरण लगाकर सुंदर तरीके से सजाया जा रहा है। घरों के बाहर रंगोली बनाई जा रही है और दीप जलाकर पारंपरिक विधि-विधान का पालन किया जा रहा है। लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से घर की चाबी सौंपी जा रही है, और साथ ही मिठाई एवं उपहार वितरण का कार्यक्रम भी हो रहा है, जिससे इस आयोजन में खुशी का माहौल और भी रंगीन हो गया है।

हितग्राहियों के चेहरे पर अपने नए घर की चाबी एवं प्रशस्ति पत्र पाकर जो खुशी दिख रही है, वह इस बात का प्रतीक है कि सरकार की इस योजना से उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। गृह प्रवेश के दौरान लाभार्थी परिवारों ने इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाते हुए अपने नए जीवन की शुरुआत की। यह कार्यक्रम न केवल जरूरतमंद परिवारों को आवास प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा और सम्मान का भी अनुभव करा रहा है।

### हाईमास्ट लाइट और विद्युत व्यवस्था में सुधार के निर्देश : जायसवाल

## जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिले के समग्र विकास और जनसुविधाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।



बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिसमें आंगनबाड़ी, स्कूल में भी पानी पहुंचाया जाए। पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि सभी बसाहटों में स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जाए, ताकि लोगों को साफ और सुरक्षित पानी मिल सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने क्रेड़ा विभाग को जिले के खड़गवां, उधनापुर, अखराडाड़ के अलावा अन्य क्षेत्रों में स्थापित हाईमास्ट लाइटों को जल्द सुधारने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले के विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए खड़गांव, मनेंद्रगढ़, खोंगापानी, चिरमिरी और भरतपुर क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल ठीक कराने और नए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।

बैठक में लंबे समय से लंबित मनेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेज की मांग पर भी चर्चा हुई। मंत्री जायसवाल ने कहा कि इसके लिए गंभीर प्रयास जारी हैं और जल्द ही इसका समाधान निकाला जाएगा। यह मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाएगा और लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होने शिक्षा विभाग को भी निर्देश दिए कि जिले के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बच्चों के लिए खेल सुविधाओं की बेहतरी और स्कूल परिसर में पेड़-पौधों की देखभाल पर भी जोर दिया। स्कूलों की नियमित जांच और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा । मंत्री ने चिरमिरी क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए और कहा कि नगरीय निकायों में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

## ट्रक के रौंदने से मां-बेटे की मौत

### मॉर्निंग वॉक के दौरान हादसा, गुस्साए लोगों ने शव रखकर किया चक्काजाम

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में तेज रफ्तार हाइवा ने मां-बेटे को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला अपने मासूम बेटे के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। मौत के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के मुताबिक, मृतका 35 साल की गायत्री बंजारे है। जो गतौरा गांव के शंकर नगर निवासी मोहन लाल बंजारे की पत्नी है। वहीं बेटे परेश बंजारे की उम्र महज 7 साल थी। गायत्री अपने बच्चे को लेकर सुबह करीब 6 बजे अंबेडकर चौक तरफ टहलने गई थी।

**गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम:** टहलने के दौरान मरघट के पास राखड़ लोडेड हाइवा ने कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक छोड़ कर भाग निकला। मां-बेटे की मौत के बाद लोगों की भीड़ जुट गई और आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया।

## खून से सनी मिली 12वीं की छात्रा

### पानी-टंकी के नीचे बेहोशी की हालत में थी, पिता ने बेटी से अनहोनी की आशंका जताई



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में 12वीं की छात्रा खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिली है। बताया जा रहा है कि छात्रा को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। टंकी से छलांग लगाने की भी आशंका जताई जा रही है। मामला हरदी बाजार थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि छात्रा रोज की तरह शुक्रवार को 10 बजे गांव से लगे स्कूल में पढ़ाई करने गई हुई थी। स्कूल से छुट्टी के बाद घर नहीं लौटी। घर वालों आस-पास पता किया तो गांव से लगे पानी टंकी के नीचे छात्रा बेहोश पड़ी मिली।

**छात्रा को मेडिकल कॉलेज रेफर:** ग्रामीणों इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी। छात्र के पिता ने पहले हरदी बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से छात्रा को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि शरीर में चोट के निशान हैं।

**बेटी बेहोशी की हालत में पड़ी हुई मिली:** छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब है, जिसे लेकर वह बिलासपुर गया हुआ था। शाम 7 बजे लगभग वह इलाज कराकर घर लौटा। इस दौरान गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने फोन किया।उसने बताया कि उसकी बेटी बेहोशी की हालत में पड़ी हुई है।

**पुलिस मौके पर पहुंची:** छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी बेटी और बेटा स्कूल गए हुए थे, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि उसकी बेटी की यह हालत हुई है। उसे आशंका है कि उसके साथ कोई अनहोनी हुई होगी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से जानकारी जुटा रही है।

**टंकी से छलांग लगाने की आशंका:** बताया जा रहा है कि छात्रा पानी टंकी पर चढ़ी हुई थी। पुलिस आशंका जता रही है कि कहीं पानी टंकी से छात्रा ने छलांग तो नहीं लगाई है। इस एंगल से भी पुलिस जांच कर रही है।

## पत्रकार संकल्प महासभा में 35 पत्रकार संघों का संयुक्त ऐतिहासिक प्रदर्शन

### पत्रकारों के ऊपर हो रहे अत्याचार पर नियंत्रण के साथ पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित अन्य मांगें

### कार्यक्रम स्थल से रैली निकालकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** गाँधी जयंती के दिन राजधानी के गॉस मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित पत्रकार संकल्प महासभा का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पत्रकारों के इस महाकुम्भ में प्रदेश के 35 से भी ज्यादा पत्रकार संगठनों ने हिस्सा लिया और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित पत्रकारों के हितों से सम्बंधित अन्य मांगों को लेकर राजभवन पहुँचे और पहले राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, फिर रैली की शक्ल में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने प्रदेश भर से आए पत्रकार सड़कों पर उतरे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अधिकारियों के भ्रष्टाचार, खनिज , भू माफिया के बारे में सच उजागर करने वाले पत्रकारों पर हमले लगातार होते आ रहे हैं। बदसलूकी, मारपीट और झूठे मामलों में फँसा कर जेल भेजने की साजिश अनवरत जारी है। पिछले दिनों कोंटा थानेदार ने रेत माफिया का सच उजागर करने वाले पत्रकारों को गांजा तस्करी के मामले में फंसा कर आंध्र प्रदेश में प्रकरण बनवा कर जेल भिजवाने की साजिश रची, बाद में होटल के सी सी टीवी के प्रमाण को डिलीट करने के आरोप में उस थानेदार को जेल भेजा गया लेकिन बप्पी राय सहित तीन अन्य पत्रकारों को बेवजह जेल यात्रा की पीड़ा झेलनी पड़ी। पत्रकार महासभा में इस मामले की सीबीआई जांच करने की मांग की है।

इसी हफ्ते कांकेर के एक पत्रकार को वर्तमान सांसद से जुड़ी सच्ची खबरों को छापने, प्रसारित करने पर झूठे मामलों में फंसाने की एनआईए एवम पुलिस द्वारा कोशिश की गईं। छत्तीसगढ़ में पूर्व में कांग्रेस की सरकार थी और अब भाजपा की सरकार है, परन्तु पत्रकारों की सुरक्षा और हक की चिंता किसी भी सरकार को नहीं है। केवल भाषणों में ही चीख-चीख कर पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है और उनकी सुरक्षा का ढिंढोरा पीटा जाता है। वास्तव में देखा जाय तो



सत्य और न्याय की लड़ाई लड़ने वाले पत्रकारों के ऊपर निरंतर अत्याचार हो रहे हैं, इन्हीं सब बातों को लेकर आज पूरे प्रदेश के हजारों कलमकारों ने रायपुर के ग्रास मेमोरियल में एक मंच पर एकत्रित होकर महासभा का रूप दिया। मंच पर पीड़ित पत्रकारों ने अपनी-अपनी आपबीती साझा की और मंचस्थ वरिष्ठ पत्रकारों ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए सरकार से तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की और पत्रकारों को शासन की ओर से विभिन्न सुविधाएं देने का प्रस्ताव रखा। इससे पहले वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज जी ने माधवराव सप्रे से शुरू हुई पत्रकारों की सुदीर्घ परंपरा के मूर्धन्य पत्रकारों चंदूलाल चंद्राकर, रम्मू श्रीवास्तव, मायाराम सुरजन, ललित सुरजन, रमेश नैय्यर, मधुकर खेर, कुमार साहू आदि का स्मरण किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे शरद श्रीवास्तव ने स्व साई रेड्डी, नेमीचंद जैन, सुशील शर्मा एवं अन्य के लिए मौन रखने का आवाहन किया। पीड़ित पत्रकारों के बारे में सत्र का संचालन पत्रकार सुरक्षा आंदोलन की शुरुआत करने वाले वरिष्ठ पत्रकार कमल शुक्ला ने किया। उन्होंने प्रभात सिंह, संतोष यादव, सोमारू जैसे पत्रकारों पर हुए जुल्म को याद करते हुए अंबिकापुर के पीड़ित और वर्तमान में फर्जी प्रकरणों के कारण जिला बदर पत्रकार जितेंद्र जायसवाल को अपनी व्यथा सुनाने आमंत्रित किया, इससे बाद कोंटा के पत्रकार बप्पी रॉय और 3 साथियों ने अपनी बात रखी। मनोज पांडे, विनोद नेताम, सुनील यादव, सेवक दास दीवान, किरीट ठक्कर, सतीश यादव, दिनेश सोनी त था इसी तरह 12 - 13 पीड़ित पत्रकारों ने अपनी बाते रखी। अंत में पिछली सरकार में बंदी बनाए गए सुनील नामदेव ने पत्रकारों को संबोधित किया। पत्रकारों के उद्बोधन पश्चात् प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित अन्य मांग को लेकर राजभवन पहुँचे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दरमियान पीड़ित पत्रकारों ने भी सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपते हुए अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। पत्रकार संकल्प महासभा" छत्तीसगढ़ के इतिहास में पत्रकारों का ऐसा प्रथम महाकुम्भ साबित हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त पत्रकारों की एकजुटता दिखाई दी। देश में पहली बार ऐसा इतिहास रचा जा रहा था जिसमें 35 से अधिक पत्रकार संगठन के साथी, 25 से अधिक प्रेस क्लब और जिला पत्रकार संघ के साथी अपनी अपनी सजग भागीदारी से पत्रकारों के मुद्दों पर गंभीर विचार विमर्श करते रहे, ग्रामीण पत्रकारों को वेतन, सम्मान निधि के लिए अधिमान्यता की शर्त हटाने, पत्रकारों के लिए मकान तथा प्लाट, चिकित्सा सुविधा, बच्चों के लिए स्कूल फीस में रियायत, छोटे पत्र पत्रिकाओं को नियमित विज्ञापन की व्यवस्था जैसे उपयोगी प्रस्ताव महासम्मेलन में पास किए गए।ये छत्तीसगढ़ में पहला ऐसा सम्मेलन भी था जिसमें किसी नेता, अधिकारी या पत्रकारों का सम्मान , स्मृति चिन्ह वगेरह करने की बजाय पत्रकार और पत्रकारिता से जुड़े ज़रूरी मुद्दों को तरजीह दी गई।सभी पीड़ित पत्रकारों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए मंच के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई और न्याय की गुहार लगाई।

## डायरिया फैलने से 2 लोगों की मौत

### पानी के पाइप लाइन में लीकेज से फैला संक्रमण, एक सप्ताह में मिले 17 मरीज

**मीडिया ऑडीटर, कांकेर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के बनसागर गांव में डायरिया फैलने से एक सप्ताह में 2 लोगों की मौत हो गई है। उल्टी-दस्त से हो रही मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आई और कैंप लगाकर जांच किया। जिसमें 17 मरीज डायरिया संक्रमित पाए गए है। नरहरपुर बीएमओ भूपेंद्र ध्रुव बताया कि, मरीज भानु बाई सलाम को रात में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान मरीज की मौत हो गई। मरीज को पिछले 3 दिनों से दस्त हो रहा था।

# बंगाल में 10 साल की बच्ची का शव मिला

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना में आज सुबह 10 साल की बच्ची का शव मिला। परिवार ने बच्ची से रेप के बाद उसकी हत्या का दावा किया है। घटना कृपाखाली इलाके के कुलटाली थाना क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्ची 4 अक्टूबर की शाम से लापता थी, लेकिन पुलिस ने एक्शन लेने में देरी की। घटना के विरोध में लोगों ने महिस्मारी पुलिस चौकी को घेरा और पुलिस पर डंडों और पत्थरों से वार किया। लोगों ने पुलिस चौकी में भी तोड़फोड की और आखिर में वहां आग लगा दी। लोगों का आक्रोश देख पुलिसकर्मी चौकी छोड़कर भाग गए। लोगों ने घटनास्थल पर एसडीपीओ और अन्य पुलिसकर्मियों को बंधक बनाने की भी कोशिश की। इसके बाद इलाके में भारी पुलिस बल भेजा गया। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। कुलटाली के टीएमसी विधायक गणेश मंडल ग्रामीणों को शांत करने के लिए मौके पर गए, लेकिन लोगों ने उन्हें भी खदेड़ दिया। मंडल ने बाद में मीडिया से कहा कि वे लोगों के गुस्से को समझते हैं, लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।

# कांग्रेस के मंच पर महिला नेता से छेड़छाड़

**हरियाणा ( एजेंसी )।** हरियाणा में कांग्रेस के मंच पर महिला नेता से छेड़छाड़ की गई। इस दौरान वहां खड़े दूसरे नेता ने इसे रोका। छेड़छाड़ से महिला नेता बहुत असहज और नाराज नजर आईं। जिस वक्त ये घटना हुई, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मंच पर मौजूद थे। जहां छेड़छाड़ हुई, वह मंच कांग्रेस के उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ का था। कांग्रेस ने यहां से सैलजा के करीबी समर्थक अजय चौधरी का टिकट काटकर हुड्डा ग्रुप से जुड़े जस्सी पेटवाड़ को दी है। इस घटना पर सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि यह घटना निंदनीय है, इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं जिस महिला नेता के साथ ये घटना हुई, उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व फेक आईडी बनाकर गलत प्रचार कर रहे हैं। मैं जस्सी पेटवाड़ के साथ हूं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि महिला नेता मंच पर बिल्कुल दीपेंद्र हुड्डा के बगल में खड़ी हैं। दीपेंद्र हुड्डा उन्हें पहनाई पगड़ी उतार रहे हैं, तभी महिला नेता उन्हें नमस्ते करती है। दीपेंद्र हुड्डा भी इसका जवाब देते हैं। इसके बाद दीपेंद्र दूसरी तरफ किसी नेता से बात करने लगते हैं। तभी मंच पर खड़ा एक व्यक्ति अपना हाथ बढ़ाकर महिला नेता को छूने लगता है। इसे वह भी देख लेती हैं। वह नाराजगी भरे लहजे में नेता की तरफ देखती हैं तो बगल में खड़ा दूसरा नेता उसे रोकता है। वह महिला नेता को भी शांत रहने का इशारा करता है। इस पर महिला नेता काफी नाराज दिखाई देती है।

# इंडिगो एयरलाइन का सर्वर 6 घंटे बाद ठीक हुआ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कई सोशल मीडिया यूजर्स ने बेंगलुरु एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की तस्वीरें शेयर की हैं। यहां पैसेंजर इंडिगो के चेक इन काउंटर पर इंतजार करते दिख रहे हैं। इंडिगो एयरलाइन का ऑनलाइन पैसेंजर सर्विस सिस्टम लगभग 6 घंटे बाद (करीब शाम 6 बजे) चालू हो गया है। आज (5 अक्टूबर) दोपहर करीब 12.00 बजे एयरलाइन का सिस्टम ठप हो गया था। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर पोस्ट शेयर कर बताया, हमारे एयरपोर्ट सिस्टम अब चालू हो गए हैं और हमारी एयरपोर्ट सर्विसेज भी सुचारू हो गई हैं। हालांकि, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमारी अन्य ऐप्लिकेशन को रिस्टोर करते समय हमारा सपोर्ट करें। हालांकि, पूरी तरह से सामान्य स्थिति हासिल करने में थोड़ा समय लग सकता है।

# रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में 3900 रूपये प्रति हेटेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में अधिकतम 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी। योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत गठित महासंघ द्वारा क्रय कोदो-कुटकी पर किसानों को महासंघ द्वारा भुगतान किये गये न्यूनतम क्रय मूल्य के अतिरिक्त यह सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में दिये जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद ने निर्णय लिया कि सहकारी बैंकों के माध्यम से वर्ष 2024-25 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तर जारी रहेगी। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया है। देश में अपने प्रकार का यह पहला कार्य है। जैन



समाज के प्रतिभाशाली बच्चे एवं युवाओं को शिक्षा, सामाजिक सरोकार जैसे जैन-मुनियों के प्रवास एवं चार्तुमास के दौरान सुरक्षा एवं बेहतर शिक्षा एवं स्थिति में सुधार आदि के संबंध में शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन जैन समाज के विशेष संदर्भ में प्रभावी तरीके से करने के लिए मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है। बोर्ड में 01 अध्यक्ष एवं 02 सदस्य होंगे।

बोर्ड के गठन से जैन समाज, वर्ग के व्यक्तियों के लिए शासन की कल्याणकारी/जनहितकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। इससे जैन समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास को गति मिल सकेगी। बोर्ड में 2 वर्ष श्वेतांबर और 2 वर्ष दिगम्बर समाज के कार्यकाल को निर्धारित किया जाएगा। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान को विकसित करने गठन की स्वीकृति दी।

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के पोल ऑफ पोल्स

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ रहे हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार में वापसी करती दिख रही है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सत्ता में आने का अनुमान है। हरियाणा के 8 और जम्मू-कश्मीर के 5 एग्जिट पोल्स सामने आए हैं। रिपोर्टर्स पोल भी शामिल है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। नतीजों का ऐलान 8 अक्टूबर को होगा। इन राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटों पर जीत की जरूरत है। दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव पर भास्कर ने भी रिपोर्टर्स पोल कराए हैं। इनमें हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। जम्मू-कश्मीर में हंग असेंबली का अनुमान है। यहां महबूबा मुफ्ती की भाजपा और निर्दलीय विधायक किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं। चुनाव से पहले सिर्फ दो एजेंसियों ने ओपिनियन पोल कराए थे।

हरियाणा में टाइम्स नाउ-मैट्रिज के ओपिनियन पोल में त्रिशंकु विधानसभा के आसार हैं। जम्मू और कश्मीर में लोकपोल ओपिनियन सर्वे के मुताबिक, कांग्रेस और एनसी की सरकार बनती दिख रही है। एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल में फर्क ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल चुनावी सर्वे है। ओपिनियन पोल को चुनाव से पहले किया जाता है। इसके नतीजे भी चुनाव से पहले जारी होते हैं। इसमें सभी लोगों को शामिल किया जाता है। मतलब जरूरी नहीं की सर्वे के सवालों का जवाब देने वाला मतदाता ही हो। इस सर्वे में अलग-अलग मुद्दों के आधार पर जनता के मूड का अनुमान लगाया जाता है। एग्जिट पोल चुनाव के दौरान किया जाता है। इसके नतीजे सभी फेज के मतदान खत्म होने के बाद जारी किए जाते हैं। एग्जिट पोल एजेंसियों के अधिकारी वोटिंग के दिन मतदान केंद्रों पर मौजूद होते हैं। वे मतदान करने के बाद वोटर्स से चुनाव से जुड़े सवाल पूछते हैं। वोटर्स के जवाब के आधार पर रिपोर्ट बनाई जाती है।

# 5 राज्यों की 22 जगहों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी ने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में 22 जगहों पर एक साथ छापा मारा है। एनआईए ने एक आतंकी साजिश मामले को लेकर एक्शन लिया है। इसमें कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एनआईए को आशंका है कि हिरासत में लिए गए लोगों का कनेक्शन आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से है। महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में एनआईए की छापेमारी के दौरान एटीएस की टीम भी मौके पर पहुंची है। मालेगांव में एक होम्योपैथी क्लिनिक से एनआईए ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। जालना से भी 1 शख्स को हिरासत में लिया गया है। इनसे आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर पूछताछ की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में जिस शख्स के यहां छापा मारा गया है, उसका नाम इकबाल भट है। उस पर टेरर फंडिंग के आरोप हैं। इसके



अलावा कश्मीर में कुछ लोकेशन पर भी छापेमारी चल रही है। दिल्ली से 2 लोग हिरासत में नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के मुस्तफाबाद में एनआईए की छापेमारी कार्रवाई में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। छापे के दौरान एनआईए को संदिग्ध सामग्री मिली है, जिसे जब्त कर लिया गया है। 4 दिन पहले पश्चिम बंगाल में छापे मारे गए एनआईए ने 1 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की टीम ने दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता में 11 स्थानों पर संदिग्धों के आवासों पर तलाशी ली थी।

# बिहार के 17 जिलों में बाढ़, 14 लाख लोग प्रभावित, गोरखपुर में 29 गांव डूबे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेपाल में बारिश के कारण बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बिहार में 17 जिलों की 14.62 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि सितंबर महीने में दो बार बाढ़ बिहार में बाढ़ आई थी। इससे 30 जिलों के 45 लाख लोग प्रभावित हुए।



उधर, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भी राप्ती और रोहिन नदियां उफान पर हैं। 29 गांव बाढ़ के पानी में डूब चुके हैं। रेस्क्यू के लिए 85 नावें तैनात की गई हैं। गोरखपुर में इस साल पांच बार बाढ़ आई है। यहां हर साल एक ही बार बाढ़ आती थी। इसका मुख्य कारण नेपाल में हुई बारिश को ही माना जा रहा है। इधर, मध्य प्रदेश में तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। ग्वालियर और खजुराहो में तापमान 36 डिग्री के पार हो गया है। वहीं, भोपाल, गुना, दमोह, रीवा, सतना-टीकमगढ़ में भी पारा 35 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है। राजस्थान के गंगानगर में शुक्रवार को दिन में तापमान 39.9 डिग्री तक पहुंचा। जयपुर में 36.2 डिग्री और चूरू में 38.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, रात के तापमान में गिरावट देखी गई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में बारिश-बाढ़ से 812 करोड़ रुपए का नुकसान वहीं, सितंबर में भारी बारिश के कारण महाराष्ट्र के नांदेड़ में 812 करोड़ रुपए की फसल नष्ट हो गई।

# बस मार्शलों की बहाली पर आप का सियासी ड्रामा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली सचिवालय में शनिवार को जमकर सियासी ड्रामा चला। दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के 10 हजार बस मार्शल की बहाली और उनको परमानेंट करने की मांग को लेकर भाजपा ने सचिवालय में सीएम आतिशी से मुलाकात की। भाजपा की मांग पर आतिशी ने इमरजेंसी कैबिनेट मीटिंग बुलाई। इसमें बस मार्शल को रेगूलराइज करने का दिल्ली विधानसभा का रेजोल्यूशन साइन किया। आप ने भाजपा से रेजोल्यूशन पर साइन कराने के लिए एलजी ऑफिस चलने का कहा। सचिवालय के बाहर विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता एलजी ऑफिस जाने में आनाकानी करते दिखे। इस पर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य विधायकों ने विजेंद्र के पैर पकड़ लिए। वहीं, सीएम आतिशी विजेंद्र की कार में जाकर बैठ गईं। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने एलजी से कैबिनेट नोट पास करने का नहीं कहा। दरअसल, छीटीसी के लगभग 10 हजार मार्शलों को 11 अक्टूबर 2023 को तत्कालीन सीएम केजरीवाल ने नौकरी से निकाला था। डीटीसी कर्मचारी खुद की बहाली की मांग को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। आतिशी बोलीं- गेंद बीजेपी के पाले में सीएम आतिशी ने कहा- बीजेपी विधायक दल ने शुक्रवार को मुझसे



मिलने का समय मांगा था। आज सुबह साढ़े दस बजे से दिल्ली सचिवालय में बैठा हुआ था। उन्होंने कहा कि हमने उनको काफी डिटेल में सर्विसेस मेटर समझाया। इसमें भर्ती करना, बस मार्शल को परमानेंट करना, रेग्यूलराइज करना शामिल है। ये सारे सर्विस मैटर के अधिकार एलजी सक्सेना और केंद्र सरकार के पास हैं। हमने कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग में प्रस्ताव पास किया है। अब आगे का काम बीजेपी को ल्न से कराना है। अब गेंद बीजेपी के पाले में है। लेकिन वो राजनीति कर रही है और बस मार्शल को भड़काने का काम कर रही है।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के गुगलधार में लाइन ऑफ कंट्रोल पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सेना और पुलिस ने दो आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया कि शुक्रवार, 4 अक्टूबर को सेना और पुलिस को एक संदिग्ध एक्टिविटी दिखी। इसके बाद जॉइंट आपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए। उनके पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद मिले हैं। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भी शुक्रवार को गोलीबारी की सूचना मिली थी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर किश्तवाड़ के चतरू गांव में ऑपरेशन शुरू किया था। कठुआ में 7 दिन पहले मुठभेड़ में हेड कॉन्स्टेबल की मौत हुई थी इससे पहले 28 सितंबर को कठुआ जिले में बिलावर तहसील के कोग-मंडली में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल बशीर अहमद की मौत हो गई थी। मुठभेड़ के दूसरे दिन एक आतंकी मारा गया था। कुलगाम में 2 आतंकी ढेर, 5 सुरक्षाकर्मी घायल कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में भी शनिवार, 28 सितंबर को एनकाउंटर हुआ था। इसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के स्क्र घायल हुए।

# तिरुपति लड्डू मामला- आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू बोले- लड्डूओं की गुणवत्ता में हुआ सुधार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को बताया कि तिरुमला पहाड़ियों पर स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने 'लड्डू प्रसादम' की गुणवत्ता पर संतोष जताया है। उन्होंने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा बनाए गए वकुलामठ के नए रसोई घर का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात की। नायडू ने कहा कि लड्डू प्रसादम बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, अगर जरूरत पड़ी, तो टीटीडी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) तिरुपति से सलाह भी ले सकता है। मुख्यमंत्री की यह बात उस समय आई है जब उन्होंने और टीटीडी के अधिकारियों ने पूर्व युवजन



श्रमिक रायथू (वाईएसआर) कांग्रेस सरकार पर लड्डू प्रसादम बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने इस आरोप को खारिज किया है। नायडू ने कहा कि कई श्रद्धालुओं ने प्रसाद के लड्डू की गुणवत्ता के लिए संतोष व्यक्त किया है, जबकि पहले लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर असंतोष जताया था। टीटीडी के प्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में, नायडू ने सुनिश्चित करने को कहा कि प्रसाद बनाने में केवल उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने धर्मस्व मंत्री अनम राम नारायण रेड्डी को सलाह दी कि सभी मंदिरों को भक्तों की राय अवश्य लेनी चाहिए। नायडू ने कहा कि तिरुमला पहाड़ी पर गोविंदा नामम के अलावा कोई और शब्द नहीं सुनाई देना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार रात तिरुमला में रात्रि विश्राम किया और नौ दिवसीय वार्षिक ब्रह्मोत्सव के पहले दिन भगवान वेंकटेश्वर को पट्टू वस्त्रालु (रेशमी वस्त्र) अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने 2025 के लिए तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के कैलेंडर और डायरी का विमोचन भी किया।

# राहुल ने कोल्हापुर में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया

**मुंबई ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। वे कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा- नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई। उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50त्न की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी।

**संविधान पर**- शिवाजी महाराज ने देश दुनिया को क्या मैसेज दिया। सबसे पहले उन्होंने कहा था देश सबका है। सबको



लेकर चलना है। अन्याय नहीं करना है। मगर हम सोचें कि इनकी सोच का आज कौन सा चिह्न है तो वो ये संविधान है।

सीधा सा कनेक्शन है। जो शिवाजी महाराज ने कहा था, 21वीं सदी में उसका ट्रांसलेशन संविधान है। उनकी सोच से ही संविधान आया। अगर शिवाजी और शाहूजी महाराज जैसे लोग नहीं होते तो संविधान नहीं होता।

**शिवाजी महाराज पर**-आज यहां मूर्ति का अनावरण कर रहे हैं। शिवाजी महाराज की। ये सिर्फ एक मूर्ति नहीं। मूर्ति जब बनाई जाती है जब हम किसी व्यक्ति की विचारधारा को, उनके कर्मों को दिल से समर्थन करते हैं। हम यहां आए और मूर्ति अनावरण कर दिया। और जो ये पूरी जिंदगी जिसके लिए लड़े, हम उसके लिए लड़ें तो मूर्ति का कोई मतलब ही नहीं। जिस तरीके से ये जिए, शायद हम न कर पाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसए टी20 लीग में इस बार भी तेबा बवूमा की अनदेखी

**जोहांसबर्ग ( एजेंसी )।** दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान तेम्बा बवूमा को इस बार भी एसए टी20 लीग के लिए किसी टीम ने नहीं खरीदा। वहीं पिछले बार भी बवूमा पर किसी ने बोली नहीं लगायी थी। बवूमा के अलावा एक अन्य खिलाड़ी टोनी डि जोर्जी पर भी किसी टीम ने बोली नहीं लगायी। वहीं सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स पर सबसे बड़ी बोली लगी। रीजा को एमआई केपटाउन ने 2.08 करोड़ रुपए में खरीदा। हेंड्रिक्स को पिछले सीजन में जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स ने रिलीज किया था। नीलामी में 6 फ्रेंचाइजी के पास कुल मिलाकर 13 जगह ही खाली थीं। इस कारण ज्यादातर खिलाड़ी नहीं बिके। वहीं श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराणा को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। पथिराणा को . जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स ने अपने साथ जोड़ा। वह दक्षिण अफ्रीकी लीग में पहली बार खेलेंगे। लीग में वाइल्ड कार्ड के जरिए एक खिलाड़ी को जोड़ने की अनुमति होती है। ये खिलाड़ी कोई भी हो सकता है। विदेशी खिलाड़ी को भी लिया जा सकता है। एसस20 एसए20 क्रिकेट लीग में देश भर की छह टीम शामिल होती हैं। इस प्रतियोगिता (टूर्नामेंट) के पहले विजेता सनराइजर्स ईस्टर्न केप थे।

### महिंद्रा ने छोटे इलेट्रिक वाणिज्यिक वाहन खंड में प्रवेश किया

**मुंबई ( एजेंसी )।** घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने छोटे इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन खंड में उतरने की घोषणा की। कंपनी ने दो टन से कम वजन वाले खंड में इलेक्ट्रिक चार-पहिया वाहन जियो को पेश किया है। इसकी कीमत 7.52 लाख रुपये से शुरू होती है। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की एक अधिकारी ने कहा कि इस खंड में डीजल की तुलना में इलेक्ट्रिक उत्पाद सात वर्ष की अवधि में ग्राहकों के लिए बढ़िया मूल्य देता है। उन्होंने कहा कि इस श्रेणी का एक प्रतिशत ही अभी इलेक्ट्रिक है जबकि तिपहिया श्रेणी में यह अनुपात लगभग 20 प्रतिशत है। हमारी आकांक्षा इस अनुपात को बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में कंपनी की जीतो के साथ पहले से ही 14-15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। मिश्रा ने बताया कि कंपनी को इस मॉडल की लगभग 12,000 इकाइयों के ऑर्डर पहले ही मिल चुके हैं।

### भारत में अगले पांच साल में आम आदमी की आय दोगुनी होगी : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर देगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण को यहां संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है।

# डब्लूटीसी फाइनल के लिए दावेदारी की रेस में हैं भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित दो टीमें शामिल




**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फाइनल के लिए एक प्रबल दोवेदार के तौर पर उभरी है। इसका कारण है कि भारतीय टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। उसके और दूसरे स्थान पर चल रही ऑस्ट्रेलिया के बीच का अंतर भी बढ़ा है हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम का फाइनल में पहुंचना न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके प्रदर्शन पर आधारित रहेगा। डब्लूटीसी के फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को इन मुकाबलों में जीत दर्ज करनी होगी। डब्लूटीसी चक्र में अभी 26 टेस्ट मैच होने हैं और पहले दो स्थानों के लिए टक्कर बढ़ती जा रही है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के अलावा श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका से भी भारतीय टीम को कड़ी टक्कर मिलेगी। भारतीय टीम के अभी 74.24 प्रतिशत अंक हैं। वहीं अगर वह न्यूज़ीलैंड से 3 टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया से पांच मैच जीतती है तो उसके 85.09 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। ऐसे में उसका फाइनल में पहुंचना तय रहेगा। इसके लिए उसे कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे और दो टेस्ट मैच ड्रॉ (56 अंक) कराने होंगे। जिसकी बदौलत वह 67.54 प्रतिशत अंक तक पहुंच जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया

वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के अभी 62.5 प्रतिशत अंकों के साथ भारत के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने सभी सात मैच जीत जाती है तब उसके खाते में 76.32 प्रतिशत अंक हो सकते हैं। जिन दो टीमों, भारत और श्रीलंका के ख़िलाफ़ उसे दो श्रृंखलाएं खेलनी हैं वे भी फ़ाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार हैं। पांच जीत उन्हें 65.79 प्रतिशत अंकों तक पहुंचाएगी लेकिन भारत और दक्षिण अफ़्रीका तब भी ऑस्ट्रेलिया से आगे जाने की स्थिति में होंगे।

### दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ़्रीका अगर अपने शेष सभी छह टेस्ट जीत लेती है तब वह 69.44 अंकों तक पहुंच सकती है जबकि ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट जीतती है और दो टेस्ट ड्रॉ रहते हैं तो वह 64.04 अंकों तक ही पहुंच सकती है।अगर भारतीय टीम को 56 से कम अंक हासिल होते हैं तब हो सकता है कि वह शीर्ष दो स्थानों में शामिल नहीं रहे। अगर वह चार मैच जीतती है और एक मैच ड्रॉ होता है तब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका भारत से आगे निकल जाएं। ऐस में श्रीलंका भी 67 से अधिक प्रतिशत अंक के साथ अंक तालिका में भारतीय टीम से आगे निकल जाएगी पर इसके लिए उसे दक्षिण अफ़्रीका और ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा।

### श्रीलंका

श्रीलंकाई टीम के अभी 55.56 प्रतिशत अंक हैं और उसे दक्षिण अफ़्रीका और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो टेस्ट खेलने हैं। न्यूज़ीलैंड की टीम को श्रीलंका ने बीती टेस्ट सीरीज में 2-0 से मात दी थी। इस शानदार जीत की वजह से श्रीलंका की टीम को 24 महत्वपूर्ण अंक हासिल हुए हैं। इस कारण से श्रीलंका की टीम भी अब डब्लूटीसी फ़ाइनल में पहुंचने की दावेदार बन गई है। अगर श्रीलंका की टीम धीमी ओवर गति के कारण बिना कोई अंक गंवाये चारों मैच जीत लेती है तो उनके पास 69.23 प्रतिशत अंक हो जाएंगे और तब वे अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर नहीं रहेंगे। हालांकि अगर वह एक मैच हार जाते हैं और तीन में उन्हें जीत मिलती है तब ऐसी स्थिति में उनके पास 61.54 प्रतिशत अंक होंगे लेकिन इसके बावजूद उनके फ़ाइनल में पहुंचने की संभावना बनी रहेगी।

### इंग्लैंड

इंग्लैंड टीम के 42.19 प्रतिशत अंक हैं और उसे पाकिस्तान से 3 टेस्ट और न्यूज़ीलैंड से भी इतने ही टेस्ट खेलने हैं। श्रीलंका के ख़िलाफ़ अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड की हार ने यह तय कर दिया है कि वह इस चक्र में 60 प्रतिशत अंकों से आगे नहीं जा सकते। अपने शेष सभी छह टेस्ट जीतकर वह 57.95 अंकों तक ही पहुंच सकते हैं। ऐसी स्थिति में भी उन्हें अन्य टीमों के परिणामों पर आधारित रहना होगा।

# पीसीबी की पोल खुली वेतन नहीं मिलने के कारण बाबर ने छोड़ी थी कप्तानी



**लाहौर ( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के एकदिवसीय और टी20 कप्तान बाबर आजम के पद से इस्तीफे का कारण अब सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार बाबर ने पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण कप्तानी छोड़ी है। इससे साफ है कि पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) खस्ताहाल होता जा रहा है। इसी कारण उसके कई खिलाड़ी अपने वेतन के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। जिन खिलाड़ियों को वेतन नहीं मिला है। उसमें बाबर आजम के अलावा शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। वहीं महिला टीम को भी वेतन नहीं मिला है। पुरुष टीम को जुलाई से अक्टूबर महीने तक का वेतन नहीं मिली है। इसके अलावा उनकी टीशर्ट पर जिन प्रायोजकों का लोगो होता है उनका भुगतान भी कई महीनों से नहीं हुआ है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला टीम को 23 महीने का अनुबंध दिया गया था पर उन्हें भी चार महीने का भुगतान भी नहीं दिया गया है। उनका अनुबुंध12 महीने बाद रिव्यू किया जाना था लेकिन ये अब तक नहीं हुआ।

इससे पहले बाबर ने कहा था कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं पर अब सामने आया है कि पीसीबी में मची आंतरिक कलह और वेतन न मिलने से भी बाबर परेशान थे और उनके कप्तान छोड़ने का यही कारण रहा है।

# एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच होगा डब्ल्यूबीबीएल लीग का पहला मुकाबला

**सिडनी ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) अगले माह 27 अक्टूबर से शुरु होगी। डब्ल्यूबीबीएल लीग का पहला मुकाबला 27 अक्टूबर को एडिलेड में एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच होगा। इस लीग में भारती की स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता सहित छह भारतीय खिलाड़ी खेलती नजर आयेंगी। वहीं हरमनप्रीत सिंह और शैफाली वर्मा को इसमें शामिल नहीं किया गया है। मंधाना को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही अनुबंधित कर लिया था। वहीं दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से खेलेंगी। हेमलता पहली बार इस लीग में खेलेंगी। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी इस लीग में पहली बार उतरेंगी। वह मेलबर्न स्टार्स टीम से खेलेंगी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी इस टीम में शामिल हैं। वहीं शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने शामिल किया है। वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसका कारण है कि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं हैं। वह ब्रिसबेन हीट की टीम में जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शामिल हुई हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खतरा बढ़ा : हैडिन

## भारतीय टीम के खेलने का आक्रामक अंदाज पसंद आया

**मेलबर्न ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हैडिन ने कहा है कि भारतीय टीम पिछले कुछ समय में और भी बेहतर हो गयी है। ऐसे में वह बॉडर गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खतरा बढ़ गया है। हैडिन के अनुसार जिस प्रकार भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ वर्षा प्रभावित मैच में आक्रामक रुख अपनाकर जीत हासिल की थी वैसा ही वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी कर सकती है। हैडिन ने कहा कि भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाज ने तीन दिन में केवल एक सत्र का खेल होने के बाद भी मैच में जीत की उम्मीद नहीं छोड़ी और अंतिम दिन मुकाबला जीत कर दी दम लिया। हैडिन ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम के खेलने का ये अंदाज पसंद आया। ये खेल के साथ ही टेस्ट क्रिकेट के भविष्य के लिए भी अच्छा है।



हैडिन ने कहा कि उन्होंने मैच जीतने के लिए जोखिम उठाकर पूरे प्रयास किये। उनके बल्लेबाज बल्लेबाजी तेजी से अधिक से अधिक रन जुटाने का प्रयास कर रहे थे। उनका ध्यान बांग्लादेश को आउट करने के लिए जरूरी समय बचाने पर था। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार क्रिकेट खेला, यह टीम को जीत के लिए समय देने के बारे में था। मैं इस प्रदर्शन के लिए टीम का बधाई देता हूं। हैडिन ने कहा कि रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं। उनके लिए जीत पहले है और बाकी चीजें बाद में आती है और भारतीय टीम ने उसी जज्बे के साथ खेला और अपने लिए टेस्ट मैच जीतने का अवसर बनाया। मुझे उनके क्रिकेट खेलने का यह तरीका पसंद आया है।वहीं हैडिन से जब पूछा गया कि क्या भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी ऐसा कर सकता है तो उन्होंने कहा कि मेरा यही मानना है। भारतीय टीम को मैच हारने का डर नहीं है वह ड्रॉ नहीं बल्कि जीत चाहती है। यही टेस्ट जीतने का एक शानदार तरीका है।

# युवा खिलाड़ियों को आने वाले समय में सभी प्रारुपों के लिए टीम में अवसर देंगे : मिशेल मार्श

**मैनचेस्टर ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि युवा खिलाड़ियों जेवियर बार्टलेट, आरोन हार्डी, कूपर कोनोली और जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने जिस प्रकार इंग्लैंड के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उसे देखकर काफी खुशी हुई है। साथ ही कहा कि इस युवा खिलाड़ियों को आने वाले समय में सभी प्रारुपों के लिए टीम में अवसर मिलेगा। अनुभवी खिलाड़ियों के बाहर होने के कारण टी20 सीरीज में इन युवाओं को अवसर मिला था जिसमें इन्होंने अपने को साबित किया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20आई सीरीज के दौरान एक नई अंतिम ग्यारह को उतरा था। ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। इमसें



बार्टलेट, आरोन , कूपर और जेक फ्रेजर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को साबित किया है। जेक फ्रेजर ने इससे पहले आईपीएल 2024 में भी शानदार प्रदर्शन किया था। मार्श ने कहा कि हर खिलाड़ी के पास अपनी क्षमता दिखाने का अवसर था जो उन्होंने दिखायी। फ्रेजर को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बादपहले टी20आई से बाहर कर दिया गया था। वह दूसरे टी20आई के लिए तीसरे नंबर पर टीम में लौटे और अपनी बल्लेबाजी से सभी का दिल जीता। फेजर-मैकगर्क ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करते हुए 30 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। इस प्रकार वह पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20आई अर्धशतक बनाने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। मार्श ने कहा, हम सभी जानते हैं कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क कितने शानदार खिलाड़ी हैं। हमने खिलाड़ियों को अलग-अलग भूमिकाएं दी हैं और यह रोमांचक रहा है। हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी न किसी स्तर पर वापस आएंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए युवा खिलाड़ियों को खेलते देखना आश्चर्यजनक है।

### हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला: हरमनप्रीत

**दुबई।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड टीम ने भारत को 58 रनों से हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस हार पर निराशा जताई और स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 102 रन पर आउट हो गई, और एक भी खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला लेकिन हमें भरोसा है कि टीम आगे बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# गवेस्टइंडीज क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध में पूरन और रसेल सहित कई दिग्गजों को नहीं मिली जगह

**जमैका ( एजेंसी )।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। इसमें निकोलस पूरन और आंद्र रसेल सहित कई बड़ी नाम शामिल नहीं हैं। इन दोनो के आलसा ऑलरांउडर जेसन होल्डर और शिमरोन हेटमायर को भी अनुबंध नहीं दिया गया है। बोर्ड और वेस्टइंडीज प्लेयर्स एसोसिएशन के बीच हुए करार को देखते हुए इस बार एक साल के अलावा मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट 2026 तक के लिए दिया है। मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट के तहत दो साल के लिए खिलाड़ियों से करार हुआ है। इसमें एकदिवसीय कप्तान शाई होप और अन्य 6 पुरुष खिलाड़ियों अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी और जेडेन सील्स को मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट मिला है। वहीं महिला खिलाड़ियों में शेमैन कैम्पबेल, हेली मैथ्यूज और स्टेफनी टेलर तीन महिला खिलाड़ियों को भी ये अनुबंध मिला है।

बल्लेबाज कावम हॉज और ऑलराउंडर अश्मिनी मुनीसर को पहली बार केन्द्रीय अनुबंध मिला है। केन्द्रीय अनुबंध में कई बड़े खिलाड़ियों को अवसर नहीं मिला है। पूरन के साथ ही रसेल जैसे आक्रामक खिलाड़ी का नाम भी शामिल है।

पुरुष खिलाड़ी- शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, जेडेन सील्स। महिला खिलाड़ी- शेमैन कैम्पबेल, हेली मैथ्यूज, स्टेफनी टेलर। पुरुष खिलाड़ी- एलिक अथानाजे, क्रेग ब्रैथवेट, केसी कार्टी, रोस्टन चेज, जोशुआ दा सिल्वा, कावम हॉज, अकील होसेन, रोमारियो शेफर्ड, रोवमैन पॉवेल। महिला खिलाड़ी- आलिया एलीन, शमीलिया कॉनेल, डिंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, चिनेले हेनरी, जायदा जेम्स, किआना जोसेफ, अश्मिनी मुनीसर, चेडिन नेशन, करिश्मा रामहरक, रशादा विलियम्स।

# पुरुष और महिला एचआईएल लीग मुकाबले एक साथ रखा जाना सराहनीय कदम : सविता



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सविता पुनिया ने हॉकी इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा है कि पुरुष और महिला लीग हॉकी लीग एचआईएल मुकाबले एक साथ रखा जाना एक अच्छा कदम है। हॉकी इंडिया लीग के इतिहास में ये पहली बार है जब इस टूर्नामेंट में पुरुष टीमों के साथ ही महिला टीमें भी भाग लेंगी। इस दौराना दोनो को ही एक बराबर महत्व दिया जाएगा। हॉकी इंडिया लीग इस साल दिसंबर में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें भाग लेंगी। खास बात यह है कि पुरुष और महिला लीग एक साथ खेली जायेगी, जो वैश्विक खेल लीग में एक बड़ा क्षण होगा। सविता ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा, पुरुष और महिला एचआईएल एक साथ चलेंगे, जो ऐसा कुछ है जो मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य खेल में पहले हुआ है। हॉकी इंडिया ने हमेशा ही सुनिश्चित किया है कि पुरुष और महिला दोनों टीमों के साथ समान व्यवहार किया जाए। पुरुष और महिला टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैच या प्रतियोगिता जीतती हैं, तो दोनों को ही बराबर पुरस्कार राशि मिलती है। यह हॉकी इंडिया के खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दर्शाता है। एक खिलाड़ी के रूप में, एक ऐसे संगठन का हिस्सा बनना खुशी देने के साथ ही सशक्त अनुभव कराता है। सविता ने कहा कि महिला एचआईएल से उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच मिला है। इससे भारतीय हॉकी में एक बड़ा बदलाव आयेगा। युवा महिला एथलीटों के लिए, यह मंच न केवल उन्हें उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगा, बल्कि खिलाड़ी के रूप में भी सुधार करेगा।

# भारत और श्रीलंका के बीच हो सकता है डब्यूटीसी फाइनल




**मुम्बई ( एजेंसी )।** इस बार भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) के इस तीसरे संस्करण का फाइनल हो सकता है। भारतीय टीम पहले दो संस्करण में उपविजेता रही थी। पहली बार उसे न्यूजीलैंड जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इस बार जहां भारतीय टीम बांग्लादेश पर जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक स्थान के साथ ही फाइनल की दावेदार है जबकति श्रीलंका भी ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देती दिख रही है। भारतीय टीम का अभी जीत प्रतिशत 74.24 है और उसे फाइनल में पहुंचने 8 में से 3 मैच ही जीतने होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 62.5 है और उसे 7 में से 4 मैच जीतने होंगे।

श्रीलंका का जीत प्रतिशत 55.56 है और उसे 4 में से 3 मैच जीतने हैं। इंग्लैंड का जीत प्रतिशत 42.19 है और वह दौड़ से बाहर हो गयी है। वहीं द. अफ्रीका का जीत प्रतिशत 38.89 है और उसे 6 में से 5 मैच जीतने होंगे। आंकड़े साफ हैं कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ही फाइनल में भारत से भिड़ने वाली दूसरी टीम होने की संभावनाएं हैं। भारत को अभी 8 में से 3 टेस्ट जीतने जरूरी है। ये लक्ष्य टीम न्यूजीलैंड को 3 टेस्ट मैच की घरेलू सीरीज में ही हराकर ही हासिल कर सकता है।

जबकि श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका से 2 तो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ एक ही टेस्ट जीतने की जरूरत है। श्रीलंका इसलिए भी पसंदीदा है क्योंकि घरेलू धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घरेलू मैदान पर खेलनी है। डब्लयूटीसी फाइनल की रेस से अभी , इंग्लैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और विंडीज जैसी टीमें बाहर हो चुकी है हालांकि ये अन्य टीमों के लिए बाधा जरुर बन सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश दौरे पर जाना है। इस सीरीज में अगर वह हारती है तो पूरी तरह से बाहर हो जाएगी। वहीं इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड से 3 टेस्ट खेलने है। अगर न्यूजीलैंड एक टेस्ट हारा या ड्रा रहा तो वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा।

### प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने किया पहली बार मतदान

**झज्जर।** ओलंपिक 2024 में दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने वाली प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार मतदान किया। एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद मनु भाकर ने युवाओं से मतदान की अहमियत को समझने की अपील की। मनु ने कहा, मतदान करना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। इस देश के युवा होने के नाते, हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने मत का सही उपयोग करें और जिसे हम बेहतर नेता मानते हैं, उसे वोट दें। हमारे छोटे-छोटे क़दम ही हमें ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। मनु भाकर ने पहली बार मतदान के अनुभव को साझा करते हुए कहा, पहली बार वोट डालना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। हमें सोचना चाहिए कि हमारा प्रतिनिधि कौन हो, और वही निर्णय हमें देश के बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा।

# बच्चों के जन-गण-मन गायन को मिला एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड

## मैहर गौरव दिवस पर 34 स्कूलों के 12 हजार 435 बच्चे हुए शामिल







**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** धार्मिक नगरी मैहर में नवरात्रि मेले पर बह रही धर्म और भक्ति की बयार के बीच शनिवार सुबह देश भक्ति के रंग में भी डूबी नजर आई। पूरा मैहर जन-गण-मन से गूंज उठा और एशिया बुक ऑफ रिकार्ड के तौर पर दर्ज हो गया। अवसर था मैहर के गौरव दिवस का, जिसमें जिले के 12 हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में एकत्र होकर सामूहिक राष्ट्रगान किया। इतनी बड़ी संख्या में एकत्र होकर एक साथ सामूहिक तौर पर राष्ट्र गान का गायन कर इन विद्यार्थियों ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में मैहर गौरव दिवस के इस आयोजन और तारीख को रिकॉर्ड के तौर पर दर्ज करा दिया।

**34 स्कूलों के 12 हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल:** सामूहिक राष्ट्रगान में मैहर जिले के 34 स्कूलों के 12 हजार 435 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में मैहर की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने भी सहभागिता की। वे इसके लिए शनिवार सुबह ही विशेष तौर पर मैहर पहुंची और कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कैबिनेट बैठक के लिए रवाना हो गईं। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों - कर्मचारियों ने भी देश भक्ति के इस आयोजन में हिस्सा लिया। राष्ट्रगान के बाद माता शारदा के भजन भी गाए गए और शानदार आतिशबाजी भी की गई।

## सांप के काटने से महिला की मौत

### आंगन में सफाई करते समय पैर में काटा



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के पहाड़ी थाना क्षेत्र के अशोह गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। 38 वर्षीय महिला रामप्यारी पत्नी रामदास की सांप के डसने से मौत हो गई। रामप्यारी घर के आंगन में सफाई कर रही थी।

जब अचानक एक सांप ने उन्हें पैर में काट लिया। परिवार के लोग तुरंत रामप्यारी को पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। शनिवार की दोपहर 11 बजे जिला मुख्यालय में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस संबंध में पहाड़ी थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह साफ हो गया है कि रामप्यारी की मौत सर्पदंश से हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किसान भाई खेतों में संतुलित खाद का उपयोग करें : उप संचालक कृषि

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** उप संचालक कृषि ने किसानों को फसलों में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि किसान भाई खेतों में खाद का संतुलित उपयोग करके कम खर्चे में अधिक फसल प्राप्त कर सकते हैं। सिंचित गेंहू में प्रति हेक्टेयर 16 किलोग्राम यूरिया, 30 किलोग्राम एनपीके तथा 17 किलोग्राम एमओपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में प्रति हेक्टेयर 35 किलोग्राम यूरिया, 25 किलोग्राम एसएसपी तथा 17 किलोग्राम एमओपी का भी उपयोग किया जा सकता है।

किसान भाई चना में 25 किलोग्राम एमएसपी का उपयोग प्रति हेक्टेयर करें। सरसों में 16 किलोग्राम यूरिया, 44 किलोग्राम एनपीके तथा 8 किलोग्राम एमओपी का उपयोग प्रति हेक्टेयर करें। इसके विकल्प के रूप में प्रति हेक्टेयर यूरिया 40 किलोग्राम, एसएसपी 38 किलोग्राम तथा एमएसपी 33 किलोग्राम का उपयोग भी किया जा सकता है। उप संचालक कृषि ने कहा है कि इन विकल्पों के प्रयोग से कृषकों को उर्वरक उपलब्धता के अनुसार संतुलित उर्वरकों के उपयोग करने से सहायता मिलेगी।

## धान उपार्जन के लिए 39407 किसानों ने कराया पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। जिले भर में खरीदी केन्द्रों, कियोस्क सेंटर तथा किसान एप के माध्यम से धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। जिले में 5 अक्टूबर तक 39407 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने बताया कि तहसील त्योंथर में 12609, मनगवां में 5840, तहसील हुजूर में 4748, सिरमौर में 3744, जवा में 3654, गुढ़ में 3125, सेमरिया में 2820, रायपुर कर्चुलियान में 1456 तथा तहसील हुजूर नगर में 1411 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत किसानों द्वारा 64220 हेक्टेयर धान का रकबा दर्ज किया गया है।

## गौरव दिवस पर मां शारदा के चरणों में चढाई 2 कि.मी. लम्बी चूनर





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नवरात्रि के शुभ अवसर और मैहर जिले की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर को आयोजित मैहर जिले के प्रथम गौरव दिवस की पहली गतिविधि की शुरूआत मां शारदा देवी के चरणों में 2 किमी लम्बी लाल चूनर चढाकर की गई।

मैहर के घन्टाघर चौक से 5 किमी देवी जी मार्ग पर श्रृद्धा और भक्तिभाव से चूनर यात्रा निकाली गई। शंख ध्वनि और वेद मंत्रों के बीच घंटाघर से देवी मंदिर की डयोढी तक लाल परिधानों में महिलायें और श्वेत पीत वस्त्रों को धारण कर पुरूष नागरिकों ने चूनर यात्रा का शुभारंभ किया। चूनर यात्रा में शामिल मैहर जिले वासियों का सडक के दोनों ओर खडे मैहर के स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रामनगर, अमरपाटन, मैहर तहसील के दूर-दराज क्षेत्रों से आई स्व-सहायता समूह की दीदीओं ने भजन-कीर्तन करते हुए अपनी सहभागिता दी।

देवी जी मार्ग पर 2000 मीटर लम्बाई की लाल चूनर की 5 किमी की यात्रा में लगभग 5 हजार महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी की। घन्टाघर चौक से विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित सभी जिला, विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवियों सहित सभी वर्ग के नागरिकों ने चूनर यात्रा में मां शारदा देवी मंदिर की डयोढी तक अपनी सहभागिता दी। मैहर और डिंडोरी के आदिवासी कला नर्तकों ने चूनर यात्रा के साथ शैला नृत्य की प्रस्तुतियां दी। चूनर यात्रा का समापन मां शारदा देवी मंदिर की प्रथम डयोढी की सीढियों पर हुआ।

## मिलेट्स मिशन - मोटे अनाज हैं पोषण का भण्डार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** देश भर में मिलेट्स मिशन चलाया जा रहा है। रीवा जिले में भी कृषि के विविधीकरण के प्रयासों के तहत मोटे अनाजों की पैदावार बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मोटे अनाज उगाने के लिए बड़ी संख्या में किसानों ने प्राकृतिक खेती के लिए पंजीयन कराया है। अन्य अनाजों की तुलना में मोटे अनाज आसानी से पचने वाले और अधिक पोषण देने वाले होते हैं। मोटे अनाजों में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और कई तरह के खनिज पाए जाते हैं। मोटे अनाज प्राकृतिक रूप से ग्लूटेन फ्री होते हैं। मोटे अनाज उगाने के लिए परंपरागत खेती की विधियाँ उपयुक्त हैं। इसलिए मोटे अनाज मिट्टी के स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा में भी सहायक होते हैं।

इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा जिले ही नहीं पूरे विंध्य क्षेत्र में 50 वर्ष पूर्व तक मोटे अनाजों की बड़े पैमाने पर खेती होती थी। कोदौ, ज्वार, मक्का तथा अन्य मोटे अनाज मुख्य रूप से मेहनतकशों और गरीबों का भोजन थे। कम बारिश में भी इनकी अच्छी फसल होती थी। मोटे अनाजों को कई सालों तक बिना किसी दवा के सुरक्षित भण्डारित रखा जा सकता है।

मोटे अनाजों की खेती परंपरागत विधि से की जाती थी। खेती का आधुनिकीकरण होने तथा अधिक उत्पादन के लिए रासायनिक खाद एवं अन्य खादों का उपयोग करने के कारण मोटे अनाजों की खेती कम हो गई। इनका उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता है, लेकिन इनकी पोषकता अधिक होती है। इसलिए शासन द्वारा मिलेट्स मिशन के माध्यम से मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। चावल और गेंहू के कुल कृषि आच्छादन में 20 प्रतिशत की कमी करके इनके स्थान पर मोटे अनाजों की खेती का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश में 10.8 लाख टन मोटे अनाजों की खेती करनी होगी। मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इनका न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करना शुरू किया है।

## गौरव दिवस पर संपन्न हुई विविध खेल प्रतियोगितायें





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिले के गौरव दिवस के अवसर पर खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सरस्वती स्कूल परिसर में चित्रकला, पेंटिंग एवं कलात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। छात्र-छात्राओं द्वारा की जा रही रंगोली, चित्रकला, पेंटिंग, अटाला आर्ट एवं अनुपयोगी वस्तुयो से बनी कलात्मक प्रदर्शनी का कलेक्टर ने अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। गौरव दिवस के अवसर पर मैहर खेल ग्राउंड में विभिन्न खेलों में खोखो, कबड्डी, रस्साकसी, बालीबाल, रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी, अटाला आर्ट एवं सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मैहर जिले के गौरव दिवस पर प्रतियोगिताओं में रस्साकसी में जनप्रतिनिधि और डॉक्टर के बीच प्रतिस्पर्धा की गई। जिसमें दो मैच में जनप्रतिनिधि की जीत हुई।

## रोजगार मेला 7 अक्टूबर को जिला रोजगार कार्यालय सतना में

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा सुपरवाइजर पद की भर्ती के लिये सतना जिले में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 7 अक्टूबर 2024 को सतना जिले में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस सिंगरौली में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 7 अक्टूबर को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 19 से 40 वर्ष आयुवर्ग तथा 10वीं पास/फेल, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए अनूप सिंह बैस मो. 7470803157 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को जारी की 1574 करोड़ की राशि

### सतना जिले की 3 लाख 84 लाड़ली बहनों के खाते में आई लाड़ली बहना की राशि





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दमोह जिले के सिंग्रामपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1574 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 55 लाख हितग्राहियों को 332.71 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। साथ ही सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना योजना की 24 लाख बहनों के बैंक खाते में एलपीजी गैस सिलेंडर अनुदान की 28 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की गई। प्रत्येक सिलेण्डर 450 में दिया जा रहा है।

सतना जिले की लाड़ली बहना योजना के 3 लाख 84 हजार 173 लाडली बहना हितग्राहियों के खाते में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 47 करोड 9 लाख रूपये की राशि अंतरित की। इनमें सतना जिले की 2 लाख 52 हजार 306 हितग्राहियों को 30.91 करोड तथा मैहर जिले की 1 लाख 31 हजार 841 लाडली बहनों को अंतरित की गई 16.18 करोड की रूपये की राशि शामिल हैं। प्रत्येक हितग्राही के बैंक खाते में 1250 रुपए की राशि अंतरित हुई। यह छोटी सी राशि महिलाओं के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज हमारे प्रदेश की गौरव रानी दुर्गावती का 500वां जन्मदिवस है। साथ ही नवरात्रि का पावन पर्व है। इस अवसर पर बहनों के बैंक खाते में लाड़ली बहना योजना की राशि जारी की गई है। इस राशि में आगे वृद्धि की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती के सम्मान में उनकी प्रथम राजधानी दमोह जिले के सिंग्रामपुर में आज मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान परिवारों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का निर्णय पारित किया गया है। सरकार किसानों के कल्याण के लिए सदैव प्रयास करती रहेगी। बैठक में जैन कल्याण बोर्ड के गठन का भी निर्णय लिया गया है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रदेश के लाखों किसानों के बैंक खाते में किसान सम्मान निधि की राशि जारी की है। पूरे प्रदेश के किसान प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करते हैं। लाड़ली बहना योजना के संबंध में लगातार दुष्प्रचार किया जा रहा है। इस योजना के लिए बजट में 18284 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह योजना निरंतर लागू रहेगी। समारोह में मुख्यमंत्री ने दमोह जिले के विकास से जुड़ी अनेक घोषणाएं की। राज्य स्तरीय समारोह का जिले भर में सजीव प्रसारण दिखाया गया। कलेक्ट्रेट सतना के एनआईसी कक्ष में अधिकारियों एवं हितग्राहियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथ-साथ सभी विकासखण्डों और ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

### श्रमिकों के लिए इजराइल में सुनहरा रोजगार अवसर

## 1.37 लाख मासिक वेतन, श्रमिक जिला सेवायोजन कार्यालय ले सकते हैं जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट जिले के श्रमिकों के लिए इजराइल में रोजगार का एक बेहतरीन अवसर खुला है। भारत और इजराइल सरकार के बीच समझौते के तहत, चार प्रमुख ट्रेडों में कुशल श्रमिकों की भर्ती की जाएगी, जिसमें उन्हें 1,37,000 रुपये प्रति माह का वेतन मिलेगा।

जिले के श्रमिकों के लिए इजराइल में काम करने का सुनहरा मौका सामने आया है। भारत और इजराइल सरकार के बीच हुए विशेष समझौते के तहत, निर्माण क्षेत्र में चार महत्वपूर्ण ट्रेडों - फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर, आयरन वेल्डिंग, सिरेमिक टाइल और प्लास्टरिंग में माहिर श्रमिकों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित श्रमिकों को 1,37,000 रुपये प्रति माह का आकर्षक वेतन मिलेगा और वे इजराइल में दो वर्षों तक काम कर सकेंगे। रोजगार संगम पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और इच्छुक उम्मीदवारों को जल्द से जल्द पंजीकरण कराने की सलाह दी जा रही है।

**आवेदन प्रक्रिया:** चित्रकूट के जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप ने बताया कि इस रोजगार योजना का क्रियान्वयन एनएसडीसी (नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) द्वारा किया जा रहा है। इच्छुक श्रमिकों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदकों की आयु सीमा 25 से 45 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा, उनके पास कम से कम 3 वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट होना जरूरी है, और संबंधित ट्रेड में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। ध्यान देने वाली बात है कि जो श्रमिक पहले इजराइल में काम कर चुके हैं, वे इस अवसर के लिए आवेदन नहीं कर सकते। अधिक जानकारी के लिए श्रमिक जिला सेवायोजन कार्यालय या कॉल सेंटर नंबर 155330 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर से श्रमिकों को अपने कौशल का लाभ उठाते हुए विदेश में बेहतर वेतन पर काम करने का सुनहरा मौका मिलेगा, जो उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक साबित हो सकता है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।